रोहतक, बुधवार 26 अगस्त 2026
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 202
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 37.0°C
न्यून. 23.1°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

7 प्रज्ञानानंदा की कीमर पर 19-9 से शानदार जीत

हरियाणा सरकार

SPORTS DEPARTMENT हरियाणा

"भारत के खेल परिदृश्य में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। हमारी सरकार एथलीटों का समर्थन करने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और भारत को खेल उत्कृष्टता का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।"
– नरेन्द्र मोदी

हमारे खिलाड़ी - गर्व हरियाणा का - गौरव भारत का

स्वर्ण

शर्मिला धनकर, प्रीति पवार, जैस्मीन लैंबोरिया, साक्षी चौधरी, सचिन सिवाच, प्रिया घणघस, अंकुश पंघाल

रजत

नीरज चोपड़ा, नरेंद्र बेरवाल

कांस्य

सीमा कालीरमन, यशवीर सिंह

कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 के पदक विजेता तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों का

राज्य स्तरीय सम्मान समारोह

कुल ₹13,97,50,000 की नकद पुरस्कार राशि देकर किया जाएगा सम्मानित

स्वर्ण पदक	रजत पदक	कांस्य पदक	प्रतिभागी खिलाड़ी
₹1.5 करोड़	₹75 लाख	₹50 लाख	₹7.5 लाख

मुख्य अतिथि

श्री नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति

श्री गौरव गौतम

राज्य खेल मंत्री (स्व. प्र.) हरियाणा

देश के कुल पदकों में से 28 प्रतिशत पदक केवल हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते

दिनांक	समय	स्थान
26 अगस्त, 2026	प्रात: 11:00 बजे	इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, सेक्टर 5, पंचकूला

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

समारोह में प्रदेश भर से खिलाड़ी व खेल अधिकारी भाग लेंगे

खेल विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

GALGOTIAS UNIVERSITY

LAUNCHING

Industry Integrated Degree

BTech CSE

With specialisation in AI & ML

In collaboration with Microsoft | Powered by byteXL

Developing Future-Ready AI Skills with Industry-Integrated Learning

A next-generation BTech program designed to equip students with expertise in Generative AI, Machine Learning, Cloud AI and Intelligent Applications through an industry-aligned curriculum, immersive hands-on learning and Microsoft technologies.

What Does this Program Offer?

- **Next-Gen AI** Technologies
- **Microsoft** Certifications
- **Career Launch** Support
- High-Demand **AI Roles**
- Emerging **AI Domains**
- Industry **Research**

Industry-Collaborated Research

Deep Learning | Natural Language Processing (NLP) | Reinforcement Learning
Computer Vision Speech | Speech Recognition | Robotics

Microsoft CERTIFIED

Exclusive Microsoft Azure Certifications

Azure Fundamentals (AZ-900) | Azure AI Fundamentals (AI-901) | Azure Data Fundamentals (DP-900) | Azure AI App and Agent Developer (AI-103)
Azure MLOps Engineer (AI-300) | Azure AI Cloud Developer (AI-200) | Azure SQL AI Developer Associate (DP-800)

Placement Assistance from byteXL

For Admissions Scan to Apply

RANKED 1201-1400

#16 AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA

Ranked 3rd amongst Private Universities in Uttar Pradesh

Ranked 46th amongst Top Private and Government Universities in India

Scan to Explore the World of Galgotias

GLOBALLY RANKED FOR 3 CONSECUTIVE YEARS

Galgotias Admissions Helpline No.: **9810162221, 9717300418, 9582847072** | **97173 00343** | **0120-4370000**

NAAC GRADE A+ Accredited University | **Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

GALGOTIAS UNIVERSITY

#GetYourSelfPlaced

रोहतक
बुधवार 26 अगस्त 2026
श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 202
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 37.0°C
न्यून. 23.1°C

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

7 वर्ल्ड रैंकिंग में त्रिसा और गायत्री ने लगाई 12 पायदान की छलांग

खबर संक्षेप

पीएम आवास के पास झुग्गी खाली करने का आदेश दिया

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास के पास बनी तीन झुग्गी बस्तियों को खाली करने का आदेश दिया। कोर्ट ने यहां रहने वालों को 6 हफ्ते के अंदर वैकल्पिक जगह पर जाने को कहा है। यह जगह प्रधानमंत्री आवास से 45 किमी दूर है। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने कहा कि अगर जमीन खाली नहीं होती है तब दिल्ली सरकार पुलिस की मदद से जमीन खाली करा सकती है।

सीबीएसई ने सीटीईटी परीक्षा स्थगित की

नई दिल्ली। सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीटीईटी) में भाग लेने जा रहे उम्मीदवारों के लिए बड़ी खबर है। सीबीएसई की ओर से 6 सितंबर 2026 को होने वाली परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। सीबीएसई द्वारा एग्जाम पोस्टपोन किए जाने की जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट पर नोटिस जारी का दी गई है। उम्मीदवार जो सीटीईटी परीक्षा में भाग लेने के लिए पहले आवेदन नहीं कर सके थे उनके लिए भी सीबीएसई द्वारा सुविधा दी गई है। 25 अगस्त से लेकर 1 सितंबर 2026 तक एप्लीकेशन विंडो ओपन रहेगी। *एजेंसी*

तेजपाल को 2 सप्ताह में सरेंडर करने का आदेश

नई दिल्ली। यौन उत्पीड़न मामले में दोषी ठहराए गए 'तहलका' के पूर्व मुख्य संपादक तरुण तेजपाल को सुप्रीम कोर्ट से करारा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने तेजपाल की सरेंडर से छूट पाने की अर्जी खारिज करते हुए उन्हें दो सप्ताह के भीतर जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने साफ किया कि बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ तेजपाल की अपील पर सुनवाई तभी होगी, जब वे आत्मसमर्पण कर सरेंडर सर्टिफिकेट प्रस्तुत करेंगे। *एजेंसी*

सूरत में वंदे भारत पर पथराव, शीशे टूटे

सूरत। वंदे भारत एक्सप्रेस पर सूरत में पथराव किया गया। इससे दो कोच के शीशे टूट गए। ट्रेन मुंबई से अहमदाबाद जा रही थी। सूरत स्टेशन से रवाना होने के बाद एक युवक ने गाड़ी पर पत्थर फेंके। जिस बोगी पर पथराव हुआ उसमें यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी सवार थीं। पथराव के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। शुरुआती जांच में उसके नशे हालत में होने की बात सामने आई है। पथराव के कारणों की जांच की जा रही है। *एजेंसी*

प्रदेश के 40 प्रतिशत खिलाड़ियों में विटामिन-डी की कमी

पीजीआईएमएस के स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग ने 500 खिलाड़ियों पर की रिसर्च

विटामिन डी की खुराक लेने की सलाह दी गई, इसकी कमी से चोटिल होने का बढ़ता है खतरा

■

शारीरिक फिटनेस बनाने के लिए जूझना पड़ रहा चुनौतियों से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खेल के मैदान में खिलाड़ी अपनी फिटनेस और प्रदर्शन को लेकर कितनी भी मेहनत कर लें, शरीर में एक जरूरी विटामिन की कमी उनकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। पीजीआईएमएस रोहतक के स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग की रिसर्च में प्रदेश के करीब 40 प्रतिशत खिलाड़ियों में विटामिन डी की कमी सामने आई है। इसमें 500 खिलाड़ियों को शामिल किया गया, जिनमें उभरते हुए खिलाड़ियों से लेकर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तक शामिल थे। ये खिलाड़ी रोहतक, झज्जर, सोनीपत, पानीपत और हिसार जिलों में प्रशिक्षण ले रहे थे। यह अध्ययन इसलिए जरूरी है क्योंकि हरियाणा देश के प्रमुख खेल केंद्रों में लगातार अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में संपन्न कॉमनवेल्थ गेम्स में हरियाणा के खिलाड़ियों ने भारत की कुल पदक संख्या में लगभग एक-तिहाई योगदान दिया था।

पीजीआईएमएस, रोहतक के स्पोर्ट्स मेडिसिन एवं स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर विभाग के प्रमुख डॉ. राजेश रोहिला ने बताया कि अध्ययन के दौरान खिलाड़ियों से बातचीत कर यह समझने की कोशिश की कि अभ्यास के दौरान उन्हें किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वे अपनी शारीरिक फिटनेस बनाए रखने में किन चुनौतियों से जूझ रहे हैं। इसके बाद रक्त की जांच की गई, ताकि इन समस्याओं के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। विटामिन-डी की कमी कम स्टेमिना, थकान और हड्डियों की कमजोरी में एक प्रमुख कारक के रूप में सामने आई। विटामिन डी की कमी होने पर लगातार थकान, मांसपेशियों में कमजोरी या दर्द, हड्डियों में दर्द, शरीर में सुस्ती और बार-बार चोट लगना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। हालांकि इन लक्षणों के अन्य कारण भी हो सकते हैं, इसलिए केवल लक्षणों के आधार पर निष्कर्ष निकालने के बजाय चिकित्सकीय जांच जरूरी है।

ये हैं विटामिन डी के स्त्रोत

दूध और डेयरी उत्पाद, अंडे की जर्दी तथा विटामिन डी से भरपूर खाद्य पदार्थ मशरूम आदि आहार में शामिल किए जा सकते हैं। जिन खिलाड़ियों में कमी जांच में सामने आती है, उन्हें डॉक्टर की सलाह के अनुसार विटामिन डी की खुराक लेनी चाहिए। बिना जांच या चिकित्सकीय सलाह के अधिक मात्रा में सप्लीमेंट लेना उचित नहीं है। सूर्य की किरणों से भी विटामीन डी मिलता है, साथ ही मशरूम में विटामीन डी होता है। विटामिन डी हड्डियों को मजबूती देने के साथ शरीर में कैल्शियम के इस्तेमाल में मदद करता है। खिलाड़ियों में हड्डियों और मांसपेशियों पर सामान्य व्यक्ति की तुलना में अधिक दबाव पड़ता है। ऐसे में इसकी कमी चोट का जोखिम बढ़ा सकती है।

दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश, गलियां बनीं तालाब

गुरुग्राम में 3-4 फीट तक पानी भरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार सुबह लगातार दूसरे दिन तेज बारिश हुई है। एम्स फ्लाईओवर, कनॉट प्लेस, आईटीओ और आरके पुरम समेत कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भर गया। मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। दिल्ली-गुरुग्राम को जोड़ने वाले एनएच-48 पर महिपालपुर के पास ट्रैफिक जाम लगा। दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की। सोमवार को करीब 390 फ्लाइट्स लेट हुईं, 15 डायवर्ट और 26 कैंसिल की गईं।

एडवाइजरी जारी

गुरुग्राम में वर्क-फ्रॉम-होम के निर्देश मध्यप्रदेश समेत 15 राज्यों में ऑरेंज अलर्ट, सड़क में ट्रक धंसा, सोनीपत में सरकारी ट्रैक्टर अंडरपास में डूबा

गुरुग्राम में कई जगह 3 फीट तक पानी भरने के बाद मंगलवार को सरकारी दफ्तरों और स्कूलों में वर्क फ्रॉम होम लागू किया गया। सोमवार को कई स्कूल बसें 3-6 घंटों तक पानी में फंसी रहीं। यूपी के अयोध्या समेत 15 शहरों में बारिश हो रही है। वाराणसी में सोमवार रात 8 बजे से बारिश जारी है और स्कूल बंद कर दिए गए हैं। बारिश से जुड़ी घटनाओं में 4 लोगों की मौत हुई। मथुरा में सड़कें और रिहायशी इलाके जलमग्न हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल समेत कई जिलों में भी तेज बारिश हुई। विदिशा के बाजार में पानी भर गया और भोपाल में ट्रैफिक प्रभावित हुआ। प्रदेश में अब तक 28.75 इंच बारिश हुई है। मौसम विभाग ने 27 अगस्त तक एमपी, यूपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, उत्तराखंड और केरल समेत 15 राज्यों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

नई पीढ़ी को जिम्मेदारी देने का समय आ गया : गडकरी

बाद में सफाई दी, इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं

एजेंसी ▶▶| नागपुर

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के 'जिम्मेदारी नई पीढ़ी के हाथों में सौंपने' वाले बयान पर मंगलवार को सफाई आई। गडकरी के ऑफिस ने कहा, 'उन्होंने अपने लक्ष्मणराव मानकर ट्रस्ट से जुड़े सामाजिक कार्यों की जिम्मेदारी नई पीढ़ी को सौंपने की बात कही थी।' ऑफिस ने कहा कि उनके बयान का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। दरअसल, कई मीडिया रिपोर्ट्स में गडकरी के इस बयान को उनके राजनीति से रिटायरमेंट लेने से जोड़ दिया गया था। गडकरी का यह बयान 23 अगस्त का है। उन्होंने पुणे के काटोल में कहा था, 'अब ज्यादा काम नहीं कर सकता। जब कर सकता था, तब किया। नई पीढ़ी को जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए।' नितिन 37 साल से ज्यादा समय से राजनीति में हैं। पिछले 12 साल से मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। इनके पास सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय है।

खास बातें

- उनके बयान को राजनीति से संन्यास को लेकर जोड़ा जा रहा
- बोले, अब पहले जितना काम नहीं कर सकता
- युवाओं को एक घंटा व्यायाम जरूर करना चाहिए

मनुष्य को जीवन अच्छी तरह जीना चाहिए

भाजपा सांसद ने कहा कि मनुष्य को अपना जीवन अच्छी तरह जीना चाहिए और दूसरों को भी अच्छा जीवन जीने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा, "यह काम सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय कर्तव्य है, तथा इसे और बढ़ाया जाना चाहिए।" उन्होंने कार्यक्रम में शामिल शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपने भीतर सर्वोत्तम गुण विकसित करें और अपने व्यक्तित्व, कार्यों तथा क्षमताओं को निखारें।

अब मेरे काम में दखल कम हो गया

नागपुर के 'एकलव्य एकल विद्यालय शिक्षक-पर्यवेक्षक प्रशिक्षण वर्ग' के कार्यक्रम में 23 अगस्त को गडकरी ने कहा, 'मैं ज्यादा काम नहीं कर पाता। जब कर सकता था, तब किया। अब मेरा काम में दखल कम हो गया है।'

सुबह उठकर एक्सरसाइज करें युवा

मैं रोज सुबह उठकर ढाई घंटे एक्सरसाइज और प्राणायाम करता हूं। मेरा ट्रेनर मुझसे वर्कआउट करवाता है। युवाओं को भी रोज कम से कम आधा घंटा व्यायाम और प्राणायाम करना चाहिए।

पार्टी का काम साइकिल से करता था : मेरा जीवन पहले बहुत अनियमित था। हम भावुक होकर साइकिल और स्कूटर से पार्टी के काम के लिए निकल पड़ते थे। उस समय हमारी पहचान के एक व्यक्ति के पास एम्बेसडर कार थी। जब भी पार्टी के बड़े नेता एयरपोर्ट आते थे, तो उनके आने-जाने की व्यवस्था हो सके, इसलिए हमने उस कार मालिक को ही पार्टी अध्यक्ष बना दिया था। लक्ष्मणराव मानकर स्मृति संस्था नागपुर की एक सामाजिक संस्था है। मुख्य रूप से आदिवासी और ग्रामीण इलाकों में शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है। संस्था एकल विद्यालय चलाती है।

पटना में छात्रों का हिंसक प्रदर्शन, पुलिस ने किया लाठीचार्ज, दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

पटना (एजेंसी)। बीपीएससी टीआरई-4 में पीटी-मेन, नेगेटिव मार्किंग हटाने और 100% डोमिसाइल की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में छात्रों का आंदोलन जारी है। मंगलवार को ऑल बिहार स्टूडेंट यूनियन के छात्र सीएम हाउस का घेराव करने निकले। इस दौरान छात्रों की सीआरपीएफ जवानों के साथ धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शन के दौरान एक छात्र का सिर फट गया, जबकि एक छात्रा बेहोश हो गई। पुलिस ने छात्रों को रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। पानी की बौछार के बीच प्रदर्शन कर रहे छात्र शैंपू लगाकर नहाते भी दिखे। कुछ छात्रों ने पुलिस की ओर पत्थरबाजी भी की, जिसमें टाउन डीएसपी कामाख्या नारायण सिंह घायल हो गए। कई पुलिसकर्मियों को भी चोट लगी है। हालात बिगड़ता देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। कुछ छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। पुलिस ने कुछ छात्रों को हिरासत में भी लिया है।

■ वाटर कैनन भी चलाई सीआरपीएफ से झड़प

ऑपरेशन सिंदूर चर्चा का विषय

किराना हिल्स से टकराया था ड्रोन : अनिल चौहान

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के पूर्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की किराना हिल्स पर अनजाने में एक ड्रोन गिर गया था। वह टारगेट नहीं था। रस्ता भटककर वहां पहुंचा। चौहान ने कहा कि सेना, राजनीतिक इच्छा का सीधा विस्तार है। किसी देश के राजनीतिक हित सबसे ऊपर होते हैं और सेना उन हितों की रक्षा करने वाले कई माध्यमों में से एक हैं। चौहान नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद के हालात पर चर्चा कर रहे थे।

पूर्व सीडीएस बोले, वह टारगेट में नहीं था, अनजाने में गिरा

पुलवामा में 2 सहयोगी पकड़ाए

जम्मू-कश्मीर के शोपियां में 6 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षाबलों ने सोमवार रात चेकिंग के दौरान 6 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 2 हैंड ग्रेनेड और हिजबुल मुजाहिदीन के 5 पोस्टर मिले हैं। वहीं, पुलवामा में भी सुरक्षाबलों ने यरवान जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान दो संदिग्ध आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक पिस्तौल, 12 कारतूस और हैंड ग्रेनेड बरामद किए हैं। सुरक्षा एजेंसियां आतंकी नेटवर्क से संबंधों की जांच कर रही हैं।

हैंड ग्रेनेड और हिजबुल मुजाहिदीन के पोस्टर बरामद

डेरा प्रमुख 17वीं बार आए बाहर

दो माह बाद राम रहीम को फिर मिली 21 दिन की फरलो

रोहतक (हरिभूमि न्यूज)। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह 21 दिन की फरलो पर मंगलवार को सुनारिया जेल से बाहर आए। सुबह करीब 6:05 बजे जेल से निकलते ही वह वाहनों के काफिले के साथ सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा मुख्यालय के लिए रवाना हुए। करीब दो महीने पहले ही वह पिछली पैरोल पूरी कर जेल लौटे थे। यह उनकी 17वीं बार अस्थायी रिहाई है। राम रहीम को अगस्त 2017 में दो साध्वियों से दुष्कर्म के मामलों में दोषी ठहराया गया था और 20 साल की सजा सुनाई गई थी।

साध्वियों से दुष्कर्म मामले में हुई है 20 साल की सजा

लाइसेंसी पिस्तौल से गोली लगने से किशोर की मौत

जींद (हरिभूमि न्यूज)। गांव सिंधवीखेड़ा में सोमवार शाम को घर पर एक 13 वर्षीय किशोर की गोली लगने से मौत हो गई। 13 वर्षीय किशोर अपने घर का इकलौता चिराग था। गांव सिंधवीखेड़ा निवासी नरेंद्र कुमार एक व्यक्ति का निजी सुरक्षा कर्मचारी है। उसके पास लाइसेंसी पिस्तौल है। नरेंद्र किसी कार्य से बाहर गया हुआ था। इस दौरान बेटे अरमान के हाथ पिस्तौल लग गई और उसने गोली चला दी। यह गोली अरमान को लग गई। उस समय घर में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। बाद में परिजन मौके पर पहुंचे और अरमान को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। देर शाम को अरमान को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अरमान आठवीं कक्षा में पढ़ता था। अरमान नरेंद्र का इकलौता पुत्र था। पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई की है और शव परिजनों को सौंप दिया है।

- 13 वर्षीय अरमान ने खेलते समय चलाई गोली उसी को लगी
- हादसे के समय घर पर अकेला था
- पिता निजी कंपनी में सुरक्षा कर्मचारी

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की ओर कदम

मिसाइल तकनीक निजी कंपनियों को देने की मंजूरी

राजनाथ बोले- घरेलू उत्पादन बढ़ाने का टारगेट

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ की विकसित की गई सभी पारंपरिक मिसाइल प्रणालियों की तकनीक भारतीय निजी कंपनियों को देने की मंजूरी दी है। इन तकनीकों का इस्तेमाल देश में मिसाइलों के उत्पादन के लिए किया जाएगा। इस पहल का मकसद घरेलू रक्षा उत्पादन बढ़ाना है। इसके तहत रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) योग्य रक्षा कंपनियों को मिसाइल तकनीक देगा। रक्षा मंत्रालय ने अभी उन मिसाइलों की कोई सूची जारी नहीं की है, जिन्हें निजी कंपनियां बना सकेंगी। हालांकि, माना जा रहा है कि निजी क्षेत्र को आकाश वायु रक्षा मिसाइल, अस्त्र हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल और नाग टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल बनाने की अनुमति मिल सकती है।

पारंपरिक व गैर-पारंपरिक मिसाइलों में अंतर

पारंपरिक मिसाइलें लक्ष्य को नष्ट करने के लिए विस्फोटक या गति पर निर्भर करती हैं। वहीं, गैर-पारंपरिक मिसाइलों में परमाणु, जैविक या रासायनिक हथियार लगे होते हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह प्रावधान मिसाइल प्रणालियों के विकास से औद्योगिक उत्पादन तक सफल बदलाव में मदद करेगा।

आयात पर निर्भरता घटाने का लक्ष्य

रक्षा मंत्रालय ने कहा, "इसका मकसद घरेलू उत्पादन क्षमता बढ़ाना, रक्षा औद्योगिक आधार मजबूत करना और भारतीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तथा अन्य तकनीकी भागीदारों को सप्लाय चेन में शामिल होने के मौके देना है। मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से सैन्य क्षमता बढ़ाने, आयात पर निर्भरता घटाने और देश में होने वाले उत्पादन का मूल्य बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे भारत के रक्षा उत्पादन क्षेत्र के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा उत्पादन 1.78 लाख करोड़ रुपये

सरकार के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का घरेलू रक्षा उत्पादन 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा। वर्ष 2014 में यह आंकड़ा 46,000 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

राहुल-खरगे की मोदी को चिट्ठी जाति जनगणना के सवाल बदलें

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने जाति जनगणना में जातियों के नाम दर्ज करने और डेटा जुटाने के तरीके का विरोध किया है। उन्होंने पीएम मोदी को लेटर लिखकर जनगणना में पूछे जाने वाले सवाल बदलने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इसे बनाने से पहले राजनीतिक दलों, विशेषज्ञों और जनता से सलाह ली जानी चाहिए। जनगणना के सवालों में पिछड़ा वर्ग शब्द नहीं होने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इससे देश में ओबीसी आबादी का सही आंकड़ा सामने आने में परेशानी हो सकती है। तेलंगाना और बिहार जैसी प्रक्रिया अपनाने की मांग की है।

गलत आंकड़ों का असर नीतियों पर पड़ेगा

- जाति का नाम पूछने के लिए सवाल रखने से एक ही जाति अलग-अलग नामों या उपजातियों के नाम से दर्ज हो सकती है। इससे जातियों की सही संख्या पता करना और आंकड़ों की तुलना करना मुश्किल होगा।
- अगर एक ही जाति कई नामों से दर्ज हुई तो उसकी आबादी का आंकड़ा गलत हो सकता है। इसका असर पिछड़े, अति पिछड़े और अन्य वंचित समुदायों के लिए बनाई जाने वाली योजनाओं पर पड़ेगा।
- जातियों की पहचान और संख्या दर्ज करने की प्रक्रिया एक जैसी होनी चाहिए, ताकि देश में सामाजिक-आर्थिक स्थिति का सही आंकड़ा मिल सके।

खबर संक्षेप

पूर्व मंत्री हुड्डा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से बंधवाई राखी

चंडीगढ़। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा मंगलवार को भाजपा कार्यालय 'मंगल कमल' पहुंचे और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता से राखी बंधवाई। उन्होंने डॉ. अर्चना गुप्ता को छोटी बहन का शगुन देते हुए ताउम्र उनकी रक्षा करने का वचन दिया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष उस समय कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर रही थीं। इसी दौरान कृष्णमूर्ति हुड्डा ने उनसे मुलाकात की और राखी बंधवाई। डॉ. अर्चना गुप्ता ने उनका मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से लेकर सक्रिय और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं तक की संभाल का दायित्व बखूबी निभा रही हैं।

प्याज और चीनी की बढ़ती कीमतों से लोगों में चिंता

चंडीगढ़। पंचकूला और चंडीगढ़ समेत पूरी ट्राईसिटी में प्याज की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। चीनी और तेल समेत अन्य खाद्य वस्तुओं के महंगा होने के बीच अब प्याज के भाव में तेजी से गृहणियों और दुकानदारों का मासिक बजट प्रभावित हो रहा है। जीरकपुर से चंडीगढ़ सेक्टर-26 सब्जी मंडी में प्याज खरीदने पहुंचे अमनदीप सिंह ने बताया कि स्थानीय बाजार में प्याज 70 से 80 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। उनके अनुसार, इस कीमत पर अच्छी क्वालिटी का प्याज भी आसानी से नहीं मिल रहा। व्यापारियों के अनुसार मांग के मुकाबले सप्लाई कम होने से प्याज के दाम लगातार बढ़ रहे है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

आरसीसी से बनेगा वाटर वर्क्स का बेस

■ 466 डिग्गियों के निर्माण पर खर्च होंगे 1000 करोड़ रुपये



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में उन सभी पुराने वाटर वर्क्स को आरसीसी (सीमेंट-कंक्रीट) आधारित बनाया जाए जहां भूमिगत जल से मिलकर पानी की शुद्धता प्रभावित हो रही है। इसके अलावा जहां-जहां संभव हो, वहां ट्यूबवेल आधारित वाटर वर्क्स को प्राथमिकता के आधार पर नहरी पानी आधारित बनाया जाए। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह निर्देश मंगलवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ प्रदेश में जलघरों व पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

पीने के लिए स्वच्छ जल मिलेगा

विभाग प्रधान सचिव पंकज यादव ने बताया कि ईंटों से निर्मित 466 वाटर वर्क्स को आरसीसी आधारित वाटर वर्क्स में बदला जा रहा है। इस कार्य पर लगभग 1000 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाना हरियाणा सरकार की प्राथमिकता है। शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए पैसों की कमी को आडे नहीं आने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी वाटर वर्क्स को आरसीसी आधारित बनाया जाए जहां भूमिगत पानी, वाटर वर्क्स के पानी से मिक्स होने से पानी की टीडीएस, हार्डनेस तथा फ्लोराइड की मात्रा अधिक हो रही है। ऐसे पानी को पूरी तरह से पीने योग्य बनाने पर वाटर वर्क्स की मशीनरी पर दबाव बढ़ता है।

ट्रीटमेंट के बाद ही तालाबों में डालें पानी

■ तालाबों के आसपास बनेंगी योगशालाएं और ओपन जिम

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बने तालाबों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ इनके रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी तालाब में गंदा पानी सीधे न जाए, इसके लिए पानी को वैज्ञानिक तरीके से ट्रीट करने के बाद ही तालाब में पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा पॉन्ड एंड वेस्ट वाटर मैनेजमेंट अथॉरिटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तालाबों के सौंदर्यीकरण के साथ इनके आसपास ग्रामीणों के लिए बेहतर सुविधाएं भी विकसित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गांवों में नई योगशालाएं बनाना प्रस्तावित हैं, वहां तालाबों के आसपास शेड इत्यादि लगाकर योगशालाएं बनाई जाएं और ओपन जिम की व्यवस्था की जाए। इससे ग्रामीण इन स्थानों पर नियमित रूप से आएंगे और तालाबों की देखभाल में भी रुचि लेंगे।

■ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हरियाणा पॉन्ड एंड वेस्ट वाटर मैनेजमेंट अथॉरिटी की बैठक

गांवों में 19219 और शहरों में 881 तालाब

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में कुल 20100 तालाब हैं, जिनमें 19219 ग्रामीण और 881 शहरी क्षेत्रों में हैं। इनमें से जो तालाब प्रदूषित एवं ओवरफ्लोइंग हैं, उनपर खासा फोकस किया जा रहा है। गांवों के ग्रे और ब्लैक वाटर को ट्रीट करने पर भी रणनीति बनाई जा रही है। इसके लिए तालाब से बाहर वेस्ट वाटर मैनेजमेंट अथवा एसटीपी की व्यवस्था की जा सकती है। गांव या पंचायत की जमीन का उपयोग इसके लिए किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में माइक्रो एसटीपी की व्यवस्था के लिए भी कार्य किया जाए तथा तालाब में पानी पहुंचने से पहले आवश्यक प्री-ट्रीटमेंट सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन तकनीकों का पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस्तेमाल किया जाए और परिणाम कारगर पाए जाने पर इन्हें अन्य तालाबों में भी लागू किया जाए। सीएम ने निर्देश दिए कि 320 तालाबों के नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण का चल रहा कार्य तेजी से पूरा किया जाए। साथ ही 467 नए तालाबों को चिन्हित कर वहां भी कार्य शुरू किया जाए।

जल संरक्षण की पहल जरूरी

DISTRICT COUNCIL FOR CHILD WELFARE
Bal Bhawan, Nizampur Road Narnaul

निविदाएं / सूचना

उप मण्डल अधिकारी (ना.) नारनौल में रेगुलर चालक लाईसेन्स बनाने के लिए हफ्ते में 2 दिन जो टेस्ट लिया जाता है उसके लिए कई व्यक्ति बिना वाहन के आते हैं उन व्यक्तियों का वाहन उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न फर्मों से 1 वर्ष के अनुबंध के लिए बन्द लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसकी निम्न अनुसार निर्धारित फीस ली जाएगी।

1 स्कूटर / मोटर साईकिल - फीस 50/- रूपए
2 कार / जीप / टैक्टर - फीस 100/ - रूपए

जिस व्यक्ति / फर्म के पास उपरोक्त वाहनों का स्वामित्व तथा वाहनों का पूरा बीमा है तथा उक्त राशि में से जिला बाल कल्याण परिषद को अधिकतम प्रतिशत देना चाहते है का विवरण सहित दिनांक 10.09.2026 को सांय 5 बजे तक (किसी भी अन्रू कार्य दिवस को) बाल भवन निजामपुर रोड नारनौल में जमा करवाएं। निविदाएं दिनांक 11.09.2026 को दोपहर 3.00 बजे उप–मण्डल अधिकारी (ना.) कार्यालय नारनौल के समक्ष खोली जाएगी।

जिला बाल कल्याण अधिकारी, नारनौल।

चौकी जगन गेट **जिला रेवाडी**

मुकदमा नम्बर 231 दिनांक 10.08.2026 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शहर रेवाडी

गुमशुदा की पहचान

नाम- ज्योति पत्नी हरिश निवासी मुक्तीवाड़ा, तहसील रेवाड़ी
उम्र-29 साल
हुलिया- रगं गोरा, गोल चेहरा, हस्ट पुष्ट शरीर सुट सलवार बैंगनी रंग पैरों मे हवाई चप्पल पहने हुए है, जिसकी उम्र लगभग 29 साल कद 5 फुट 6 ईन्च है। मुकदमा नम्बर 231 दिनांक 10.08.2026 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शहर रेवाडी मे दर्ज किया गया जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं चला है यदि किसी थाने में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त है तो निम्नलिखित नम्बरो पर फोन करके सूचित करे ।

1. अनुसंधान कर्ता -9416371956
2. प्रबन्धक अफसर 7056666121
3. थाना शहर रेवाडी -01274221170
4. कन्ट्रोल रूम रेवाडी-0174-225156,9306952004

पीआरडीएच-1084/11/5235/2027/48572/88/6 दि. 25.08.26

विस सत्र में चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

■ विस परिसर में प्रदर्शन पर पूरी तरह से रोक रहेगी

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा के 27 अगस्त से शुरू हो रहे मानसून सत्र के मद्देनजर विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को सुरक्षा संबंधी बैठक बुलाई। इस बैठक में उन्होंने सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए हरियाणा, पंजाब, यूटी चंडीगढ़ और सीआईएसएफ के शीर्ष अधिकारियों से चर्चा की। विस अध्यक्ष ने इन अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। बैठक में तय हुआ कि

विधान सभा के मानसून सत्र को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सुरक्षा प्रबंध पुख्ता किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने हरियाणा, पंजाब, यूटी चंडीगढ़ और सीआईएसएफ पुलिस के अधिकारियों की समन्वय कमेटी बनाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से सत्रावधि के लिए दो शिफ्टों में ड्यूटी मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। विधान सभा परिसर में किसी भी प्रकार के रोष प्रदर्शन की अनुमति नहीं रहेगी।

प्रदेश में निजी कोचिंग संस्थानों के लिए पंजीकरण अनिवार्य

चंडीगढ़। प्रदेश में निजी कोचिंग संस्थानों को अब पंजीकरण के दायरे में आना होगा। संस्थानों को विद्यार्थियों से ली जाने वाली फीस, फीस वापसी की नीति, शिक्षकों की योग्यता, प्रत्येक बैच में विद्यार्थियों की अधिकतम संख्या और उपलब्ध सुविधाओं सहित विस्तृत जानकारी देनी होगी। हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग ने हरियाणा निजी कोचिंग संस्थान (पंजीकरण और विनियमन) नियम, 2026 अधिसूचित कर दिए हैं। ये नियम 24 अगस्त को राजपत्र में प्रकाशित होने के साथ ही लागू हो गए हैं। नियमों के अनुसार अधिनियम लागू होने से पहले या बाद में स्थापित कोचिंग संस्थानों को पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा।

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड पंचकूला	ए.आई. स्ट्रॉज की अधिप्राप्ति।	19.08.2026 01.09.2026	ईएमडी 2,00,000/-	https://etenders.hry.nic.in	9996537658 hldb-hry@nic.in
2	हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड पंचकूला	निविदा सूचना का प्रकाशन :- वाहनों की आउटसोर्सिंग सेवाओं की अधिप्राप्ति (एक वर्ष के लिए) दर अनुबंध (चालक सह हैल्पर सहित)।	18.08.2026 07.09.2026	ईएमडी 5,000/-	https://etenders.hry.nic.in	9996537658 hldb-hry@nic.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/48595/I/88/6 दि. 25.08.26

कांग्रेस का गुलदस्ता बिखर चुका आंतरिक लोकतंत्र खत्म : शर्मा

पूर्व स्पीकर ने इशारों में हुड्डा पर साधा निशाना, बोले पार्टी को फिर 2005 के स्वरूप में लाने की जरूरत

चंडीगढ़। पूर्व हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलदीप शर्मा ने पत्रकार सम्मेलन कर प्रदेश कांग्रेस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र खत्म होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गुलदस्ता बिखर चुका है और पार्टी को फिर से मजबूत करने के लिए 2005 के दौर वाली कांग्रेस बनाने की जरूरत है। शर्मा ने इशारों-इशारों में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर भी निशाना साधा।

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस किसी एक व्यक्ति की पार्टी नहीं है। पहले पार्टी में समाज के सभी वर्गों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की परंपरा थी। कांग्रेस के उस स्वरूप को फिर से स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के कार्यकर्ता हैं और कांग्रेस के पुनर्निर्माण के लिए काम करना चाहते हैं। कुलदीप शर्मा ने कहा कि उन्होंने सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के संबंध में एक पत्र लिखा था, लेकिन अभी तक उसका जवाब नहीं मिला। इसके बावजूद कांग्रेस के ही कुछ नेता उनके खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर लोकतंत्र होना चाहिए और नेताओं को अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए। एचकेआरएन को बंद करने की मांग को लेकर हुए कांग्रेस के धरने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि धरना पार्टी के हित में था, लेकिन वहां एक नेता ने बोलने से इनकार कर दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कांग्रेस में लोकतंत्र है तो फिर पार्टी के मंच पर नेताओं को अपनी बात रखने से क्यों रोका जा रहा है।

दीपेंद्र ने खेद जताया तो मामला खत्म होना चाहिए

दीपेंद्र सिंह हुड्डा से जुड़े विवाद पर शर्मा ने कहा कि जब किसी व्यक्ति ने अपनी बात पर खेद व्यक्त कर दिया है तो उस अध्याय को समाप्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग लगातार इस मुद्दे को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं, जिससे पार्टी को नुकसान हो रहा है। उनके अनुसार ऐसी बयानबाजी से भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का मौका मिलता है। उन्होंने हिसार सांसद पर भी निशाना साधा।

एनालॉग व गैर-डेयरी पनीर के 70% सैंपल फेल, एक साल का प्रतिबंध

■ 285 नमूनों में 200 मानकों पर खरे नहीं उतरे, 171 निम्नस्तरीय और 29 असुरक्षित

चंडीगढ़। प्रदेश में गैर डेयरी पनीर और डेयरी एनालॉग के करीब 70 फीसदी नमूनों के मानकों पर खरा नहीं उतरने के बाद सरकार ने राज्यभर में एनालॉग और गैर-डेयरी पनीर के निर्माण से लेकर बिक्री तक पर एक साल के लिए रोक लगा दी है। यह रोक असली और निर्धारित मानकों के अनुरूप पनीर पर लागू नहीं होगी।खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. मनोज कुमार ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 30(2)(क) के तहत यह आदेश जारी किया है। आदेश 17 अगस्त का है और 21 अगस्त को हरियाणा सरकार के राजपत्र में प्रकाशित हुआ।सरकार ने इस कार्रवाई के पीछे राज्य में हुई नमूनों की जांच के नतीजों को प्रमुख आधार बनाया है। एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच राज्यभर से लिए गए पनीर और डेयरी एनालॉग के 285 नमूनों का विश्लेषण किया गया। प्राथमिक प्रयोगशाला की जांच में इनमें से 200 नमूने यानी करीब 70 फीसदी गैर-अनुरूप पाए गए। इनमें 171 निम्नस्तरीय और 29 असुरक्षित थे।

संगठित अपराध व एक्सटॉर्शन कॉल्स के खिलाफ एसटीएफ का प्रहार, 512 अपराधी गिरफ्तार

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस द्वारा चलाई जा रही मुहिम के तहत एसटीएफ हरियाणा को संगठित अपराध, आपराधिक गैंगों की गतिविधियों और फिरौती के लिए आने वाली धमकी भरी कॉल्स के विरुद्ध विशेष रूप से सक्रिय किया है। एसटीएफ द्वारा खुफिया सूचनाओं पर आधारित पुलिसिंग, तकनीकी निगरानी, अंतरराज्यीय समन्वय तथा ग्राउंड लेवल पर कार्रवाई के माध्यम से अपराधियों के नेटवर्क पर लगातार प्रभावी प्रहार किया जा रहा है। 1 जनवरी से 24 अगस्त 2026 तक एसटीएफ हरियाणा ने 55 मोस्ट वांटेड अपराधियों, 270 गैंगस्टरों/गैंग सदस्यों तथा 187 अन्य जघन्य अपराधों में शामिल आरोपियों सहित कुल 512 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने कहा कानून-व्यवस्था बनाए रखना हरियाणा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसके लिए दिन रात काम चल रहा है।

भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
विकास आयुक्त का कार्यालय

भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 2026

एमएसईएस के लिए आवेदन शीघ्र प्रारंभ होंगे

आवेदन पोर्टल खुलेगा

1 सितम्बर 2026 – 20 सितम्बर 2026

पात्रता

केवल सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसईएस), जिनके पास 31 अगस्त 2026 के अनुसार वैध उद्यम पंजीकरण है, वे पीएमएस योजना के अंतर्गत भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 2026 में भाग लेने के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।

उद्यम पंजीकरण में किसी संशोधन की अनुमति 31 अगस्त 2026 के बाद नहीं दी जाएगी।

महत्वपूर्ण परामर्श

- अपने उद्यम पंजीकरण विवरण का सत्यापन करें।
- 31 अगस्त 2026 या उससे पूर्व सभी आवश्यक अपडेट पूर्ण करें।
- अपात्रता से बचने के लिए सुनिश्चित करें कि आपका उद्यम पंजीकरण वैध बना रहे।

मुख्य तिथियाँ

उद्यम अपडेट की अंतिम तिथि	आवेदन पोर्टल खुलेगा	आवेदन पोर्टल बंद होगा
31 अगस्त 2026	01 सितम्बर 2026	20 सितम्बर 2026

भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 2026 में भाग लेने का अवसर न खोएं
आवेदन 01 सितम्बर 2026 से 20 सितम्बर 2026 के बीच करें।
अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट देखें: https://www.dcmsme.gov.in/

विकास आयुक्त (एमएसएमई) का कार्यालय
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
द्वितीय तल, कर्तव्य भवन-3, नई दिल्ली-110001

सीबीसी-25113/11/0035/2627

अंबाला में प्रदेश के पहले ईवी का हुआ पंजीकरण

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए लागू की गई नई कर छूट नीति सोमवार से जमीन पर उतर गई। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण शुरू हो गया है। अंबाला में नई व्यवस्था के तहत प्रदेश के पहले इलेक्ट्रिक वाहन का पंजीकरण किया गया। नई नीति का सीधा लाभ वाहन खरीदारों को मिलेगा। खासकर 30 लाख रुपये तक की एक्स-शोरूम कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर मोटर वाहन कर में 100 प्रतिशत छूट दी गई है। अंबाला में पंजीकृत पहला वाहन मोटर कार श्रेणी का इलेक्ट्रिक वाहन है। परिवहन विभाग की पंजीकरण रसीद के अनुसार वाहन को समृद्धि मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से पंजीकरण के लिए प्रस्तुत किया गया। नई व्यवस्था के तहत वाहन पर देय मोटर वाहन कर शून्य रहा। करीब 24.55 लाख रुपये कीमत वाली इस इलेक्ट्रिक कार पर पहले 2.45 लाख रुपये से अधिक का मोटर वाहन कर बनता था। नई व्यवस्था के तहत खरीदार को मोटर वाहन कर के बजाय पंजीकरण से संबंधित शुल्क ही देना पड़ा। इसमें नए पंजीकरण के 500 रुपये, अस्थायी पंजीकरण के 300 रुपये, स्मार्ट कार्ड के 200 रुपये, सेवा शुल्क के 100 रुपये और डाक शुल्क के 35 रुपये शामिल हैं।

■ 30 लाख तक के ईवी पर 100% मोटर वाहन कर माफ

250 सीएम-ईईई स्कूल बनेंगे मॉडल विद्यालय

चंडीगढ़। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। शिक्षा मंत्री ने स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर और आरामदायक कक्षा वातावरण उपलब्ध कराने के लिए ड्यूल डेस्क की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया जारी है। लक्ष्य है कि नवंबर 2026 तक सभी पात्र स्कूलों में ड्यूल डेस्क उपलब्ध करा दिए जाएं। ढांडा ने कहा कि प्रदेश में 250 सीएम-ईईई स्कूलों की पहचान की गई है। इन स्कूलों के लिए विशेष स्कूल विकास योजनाएं तैयार की गई हैं। इनमें पढ़ाई के माहौल, शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत ढांचे में सुधार किया जाएगा। इन स्कूलों को मॉडल स्कूलों के रूप में विकसित किया जाएगा।

जन शिकायतों की अनदेखी पर एक्सईएन को अनिवार्य सेवानिवृत्ति

चंडीगढ़। सरकार ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एक एक्सईएन को विभागीय जांच में सामने आए गंभीर मामलों के आधार पर तत्काल प्रभाव से अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का निर्णय लिया है। आदेश के अनुसार, एक्सईएन के विरुद्ध रूल-7 के तहत कुल 5 चार्जशीट जारी की गई थी। इस संबंध में जांच अधिकारी ने आदतन अनुपस्थित रहने, जन शिकायतों की अनदेखी, उच्च अधिकारियों को गुमराह करने और सरकारी दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही सहित सभी आरोप के तहत जांच की थी। आदेश में सीएम विंडो की शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई न करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अनुपालना में कमी का भी उल्लेख है।

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	हैफेड	हैफेड के ब्रांड में विभिन्न किस्मों के चावल (अर्थात सीएसआर 30, पीबी-1121, पीबी-1401, शरबती और परमल) की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं।	25.08.2026 10.09.2026	चावल की सभी किस्मों हेतु = 972000/- सीएसआर-30=154000 पीबी-1121=376000 पीबी-1401=185000 शरबती=102000 परमल=155000	http://hafed.gov.in/ https://etenders.hry.nic.in	1722920520 hafed-ho@hafed.gov.in
2	हैफेड	मेगा फूड पार्क, आईएमटी रोहतक के मानकपुर (जिला यमुनानगर) और नरवाना (जिला जीन्द) में प्राथमिक प्रसंस्करण केन्द्रों (पीपीसीएस) की मार्केटिंग, बिजनेस कस्टमर डॅवलपमेंट, वाणिज्यिक उपयोगिता, प्रसंस्करण सुविधाओं का प्रचालन और रखरखाव के लिए फर्म की नियुक्ति।	25.08.2026 28.09.2026	-	hafed.gov.in https://etenders.hry.nic.in	1722590520 hafed-ho@hafed.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद-13/2027/80/48576/I/88/6 दि. 25.08.26

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	एचवीपीएनएल	स्कोप (एचएसआर) (जिला अम्बाला) के अनुरूप 66 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, मलिकपुर में टेन्साइल शीट शैड का प्रावधान व फिक्सिंग।	24.08.2026 01.09.2026	1,42,636/-	www.hvpn.org.in	0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN
2	एचवीपीएनएल	132 केवी सब स्टेशन गोठड़ा पाली जिला रेवाड़ी में एसएसई कमरा और स्टाफ शौचालय की मरम्मत एवं रखरखाव।	21.08.2026 09.09.2026	2,52,218/-	www.hvpn.org.in	0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN
3	एचवीपीएनएल	220 केवी सब स्टेशन मुंड में बी-8 और बी-10 में मुनाना को 132 केवी डी/सी लाइन सहित बे ए-10 में अतिरिक्त 1 अदद 100 एमवीए 220/132 केवी टी/एफ का प्रावधान (1 अदद रेडियेटर फाउंडेशन, एनआईएफपीएस सिस्टम, एमएस ऑयल टैंक, एनसीटी का निर्माण और सर्फेस ड्रेसिंग, पीसीसी, ग्रेवल की आपूर्ति व फैलाना) (जिला करनाल)।	24.08.2026 31.08.2026	14,34,582/-	www.hvpn.org.in	0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN
4	एचवीपीएनएल	132 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, डबवाली, जिला सिरसा-इरेक्शन चार्जेज में 132 केवी जेब्रा-जेब्रा कंडक्टर हेतु बोल्टलैस सी-वेज कनेक्टर सहित टी-क्लेम्प और पीजी को बदलना।	24.08.2026 07.09.2026	1,52,915/-	www.hvpn.org.in	0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN
5	एचवीपीएनएल	400 केवी सब स्टेशन कबूलपुर में 400/220 केवी 315 एमवीए आईसीटी-1 और 400/220 केवी, 315 एमवीए आईसीटी-2 हेतु स्पेशल प्रोटेक्शन स्कीम की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन (एसपीएस शैल का मेक एचवीपीएनएल के अनुमोदित वेंडर के अनुरूप होगा, और बोली में वर्णित होगा) (जिला झज्जर)।	24.08.2026 01.09.2026	21,83,000/-	www.hvpn.org.in	0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद-13/2027/120/48580/I/88/6 दि. 25.08.26

खबर संक्षेप

मेडिकल कॉलेज में व्यवस्था सुधार को कांग्रेस ने दिया धरना

नूंह। जिले के शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज की बदहाली को लेकर नूंह में कांग्रेस ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार व प्रशासन ने अगले एक महीने में राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया तो हम भी मेडिकल कॉलेज की बदहाली को लेकर लड़ने के लिए तैयार हैं। विधायक एवं सीएलपी उपनेता आफताब अहमद की अध्यक्षता में यह प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शहीदा खान, हरियाणा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष निशित कटारिया आदि मौजूद रहे।

आहुलाना में सर्पदंश से मजदूर की मौत

गन्नौर। गांव आहुलाना स्थित हुड्डा सदन में अन्य मजदूरों के साथ सो रहे 37 वर्षीय मजदूर को सांप ने डस लिया। सर्पदंश के कारण उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई पूर्णचंद निवासी गांव बापौली, समालखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका छोटा भाई मेघा गांव आहुलाना में ठेकेदार के साथ रहकर मजदूरी करता था। दिनभर मजदूरी करने के बाद वह अन्य मजदूरों के साथ हुड्डा सदन में लकड़ी के तख्त पर सो गया। इसी दौरान एक सांप ने उसे डस लिया। कुछ समय बाद साथियों ने सांप को वहां से जाते हुए देखा। साथी मजदूरों ने सर्पदंश की जानकारी मिलने पर मेघा को तुरंत उपचार के लिए खानपुर स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान एक दिन बाद उसकी मौत हो गई।

नेशनल हाईवे पर चलती कार बनी आग का गोला

फरीदाबाद। नेशनल हाईवे पर मंगलवार शाम को चलती कार में अचानक आग लग गई। हादसा बड़खल मेट्रो स्टेशन के पिलर नंबर 624 के पास हुआ। कार दिल्ली की तरफ से फरीदाबाद की ओर आ रही थी। इसी दौरान अचानक कार के इंजन से धुआं निकलने लगा। इंजन से धुआं निकलता देख कार चला रहा व्यक्ति घबरा गया और उसने तुरंत कार को सड़क किनारे रोक दिया। ड्राइवर समय रहते कार से बाहर निकल गया। इसके कुछ ही देर बाद कार के इंजन में आग लग गई। फायर कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

पानीपत, करनाल, नूंह और फरीदाबाद में 5 केस में रिश्वत लेते 7 गिरफ्तार

घूसखोरों के खिलाफ खोला पंजा

प्रदेश में रिश्वतखोरी पर शिकंजा कसते हुए एंटी क्रप्शन ब्यूरो ने ताबड़तोड़ चार जिलों में कार्रवाई की। पानीपत में पटवारी व उसके सहायक को 20 हजार लेने के आरोप में पकड़ा गया। वहीं, फरीदाबाद में ईटीओ व उसके चालक को एक लाख रुपये की रिश्वत में धरा गया। करनाल में ठेकेदार का बिल पास करवाने के लिए 75 हजार रुपये की रिश्वत लेते एक बाहरी व्यक्ति को पकड़ा गया है। नूंह में भी 9 हजार की रिश्वत लेते समाज कल्याण विभाग का सेवादार गिरफ्तार किया गया। वहीं, नूंह में ही एक फोरमैन को 14 हजार रुपये लेते पकड़ा गया है।

हड़ताल छोड़कर पटवारी 20 हजार रुपये रिश्वत लेने पहुंचा, निजी सहायक भी किया गिरफ्तार

- हड़ताल में भी इंतकाल करवाने के नाम पर 35 हजार रुपये मांगे, 20 हजार में हुआ सौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत। आरोपी पटवारी सुभाष व उस्मान को गिरफ्तार कर ले जाते हुए।

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने हुडा सेक्टर-18 में स्थित हुडा के कार्यालय के पास पटवारी सुभाष व उसके निजी सहयोगी उस्मान को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। दोनों आरोपियों ने एसीबी की टीम की गिरफ्त से फरार होने की चेष्टा की, लेकिन सफल नहीं हो पाए।

बता दें कि अपनी मांगों के समर्थन में पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल चल रही है। इसके चलते तहसील में कामकाज बंद है। इधर, शिकायतकर्ता को पटवारी सुभाष निवासी गांव गढ़ी बेसिक से अपनी संपत्ति का इंतकाल दर्ज करवाना था। सुभाष ने शिकायतकर्ता को हड़ताल का हवाला देते हुए उसका काम नहीं होने की जानकारी दी। इसके साथ ही हड़ताल के बीच में भी शिकायतकर्ता की संपत्ति का इंतकाज दर्ज करने का भरोसा देकर 35 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। दोनों के बीच 20 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। रिश्वत लेने के लिए पटवारी सुभाष मंगलवार को अपने आंदोलनरत साथियों के साथ हड़ताल पर नहीं बैठा और कोर्ट में पेश होने का बहाना बनाकर अपने निजी सहायक उस्मान निवासी गांव अधमी, पानीपत के साथ रिश्वत लेने के लिए हुडा कार्यालय के पास पहुंच गया। यहां दोनों को एसीबी की टीम ने दबोच लिया और इनके पास से रिश्वत के रूप में लिए गए 20 हजार रुपये ड्यूटी मजिस्ट्रेट व गवाह के समक्ष बरामद किए। एबीसी की जांच में पता चला कि सुभाष का निजी सहायक स्वयं को अफसर बताता था। पटवारी सुभाष बाबरपुर मंडी व बाबरपुर गांव के क्षेत्र का कामकाज देखता था। स्मरणीय है कि करीब बीस दिन पहले भी एसीबी ने मतलौडा तहसील के पटवारी संदीप और उसके निजी सहायक जयभगवान को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था।

समाज कल्याण विभाग का सेवादार व बिजली निगम का फोरमैन गिरफ्तार

नूंह (कासिम खान)। लघु सचिवालय नूंह स्थित समाज कल्याण विभाग में सोमवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कर्मचारी को रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मुकेश कुमार पुत्र जीतराम निवासी पलवल के रूप में हुई है, जो पेंशन विभाग में सेवादार के पद पर कार्यरत है। आरोपी पर पेंशन बनवाने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायतकर्ता इसराइल पुत्र गफूर निवासी बडेड थाना पुन्हाना ने इस संबंध में ब्यूरो को शिकायत दी थी। शिकायत के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चरखी दादरी के प्रभारी फतेह सिंह ने टीम के साथ योजना बनाकर जाल बिछाया। सोमवार दोपहर करीब 2 बजे लघु सचिवालय नूंह से आरोपी मुकेश को 9 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए पकड़ा गया। वहीं, गुरुग्राम की टीम ने पिनगवां कस्बे में देर शाम करीब आठ बजे कार्रवाई की। टीम ने बिजली विभाग में तैनात फोरमैन शौकत अली को 14 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोप है कि फोरमैन ने ट्रांसफार्मर लगाने की एवज में रिश्वत की मांग की थी। वहीं, विजिलेंस ने एक मामले में चार माह से फरार चल रहे अनाजमंडी सचिव मनोज को हिरासत में लिया।

स्क्रैप से भरा ट्रक छोड़ने को एक लाख रिश्वत लेते ईटीओ व चालक को धरा

फरीदाबाद। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने ईटीओ सुरेंद्र पूनिया को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान उसके ड्राइवर को भी हिरासत में ले लिया। आरोपी सुरेंद्र पूनिया ने कबाड़ से भरे ट्रक को छोड़ने की एवज में चार लाख रुपये की मांग की थी। शिकायत पर विभाग ने जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी अधिकारी ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे मौके पर पकड़ लिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह दिल्ली की एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में नौकरी करता है। 10 अगस्त को सुरेंद्र पूनिया ने लखनऊ से आ रही स्क्रैप से भरी कंपनी की गाड़ी को फरीदाबाद में पकड़ लिया था। वह उसी रात सुरेंद्र पूनिया से मिला। आरोप है कि अधिकारी ने गाड़ी पर 10 लाख रुपये की पेनल्टी बनने की बात कही और 4 लाख रुपये में गाड़ी छोड़ने का सौदा किया। इसके बाद 14 अगस्त को सेक्टर-11 स्थित पीजी में मुलाकात हुई। शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगने की बातचीत की रिकॉर्डिंग भी एसीबी को उपलब्ध कराई। शिकायतकर्ता एक लाख रुपये रिश्वत की रकम लेकर आरोपी अधिकारी के कार्यालय पहुंचा। आरोप है कि वहां मौजूद ड्राइवर राम बाबू ने अधिकारी की ओर से एक लाख रुपये लिए। एसीबी टीम ने उसे रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया और रकम बरामद कर ली।

बिल पास करवाने को मांगा 17 प्रतिशत कमीशन, 50 हजार लेते काबू, सचिव फरार

करनाल। हरियाणा राज्य चौकसी एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करनाल जिले में ग्राम पंचायत के निर्माण कार्य की बकाया राशि जारी करने के एवज में रिश्वत मांगने वाले एक निजी व्यक्ति को 75 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजीव निवासी गांव रिसालवा, करनाल के रूप में हुई है। मामले में ग्राम पंचायत रिसालवा के पंचायत सचिव सुखबीर की भी संलिप्तता सामने आई है, जो फिलहाल फरार है। मामले के अनुसार, शिकायतकर्ता की फर्म द्वारा ग्राम रिसालवा में सामान्य चौपाल की चारदीवारी के निर्माण का कार्य किया गया था। इस कार्य की कुल भुगतान राशि 5,16,800 थी। आरोप है कि उक्त भुगतान के चेक जारी करने के बदले आरोपी राजीव ने शिकायतकर्ता से कुल राशि का 17 प्रतिशत कमीशन यानी 75,000 की रिश्वत की मांग की थी। आरोप है कि यह राशि ग्राम पंचायत के सरपंच तथा पंचायत सचिव सुखबीर के नाम पर मांगी गई थी। शिकायत प्राप्त होने के बाद एसवी व एसीबी करनाल के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाया। कार्रवाई के दौरान आरोपी राजीव को 75 हजार रुपये की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। ट्रैप कार्रवाई राजपत्रित अधिकारी एवं शेडो गवाह की मौजूदगी में की गई। आरोपी के कब्जे से 50 हजार रुपये की रिश्वत राशि बरामद की गई है। मामले में फरार आरोपी पंचायत सचिव सुखबीर की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई जारी है। एसीबी ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। रिश्वत मांगने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

फतेहाबाद, कैथल व गुरुग्राम में बहाया खून

होली के झगड़े की रंजिश में टाइल मिस्त्री की हत्या

- वीडियो जारी कर आरोपी बोले-जो बीच में आएगा उसे भी नहीं छोड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले के गांव झलनिया में होली पर हुए विवाद की रंजिश के चलते एक 40 वर्षीय व्यक्ति की तलवार व लाठी-डंडों से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मकानों में टाइल लगाने का काम करने वाले मिस्त्री 40 वर्षीय महेंद्र के रूप में हुई है। वारदात के बाद आरोपियों का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वे खुलेआम मर्डर की जिम्मेदारी लेते हुए गवाही देने या बीच- बचाव करने वालों को भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। हालांकि अभी पुलिस ने इस वीडियो की पुष्टि नहीं की है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए हैं।

मृतक के भाई बुधराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार रात करीब 9 बजे महेंद्र काम निपटाकर बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव में पहुंचा, पहले से घात लगाकर बैठे गांव के ही अजय, रामू और सतीश ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने महेंद्र पर डंडों और तलवार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोटें लगने के कारण महेंद्र ने गली में ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी को छोड़ गया है, उनकी कोई संतान नहीं है।

बाबा साहेब पर टिप्पणी का किया था विरोध

शिकायतकर्ता बुधराम के अनुसार, होली के त्योहार पर आरोपी देवेंद्र ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसका विरोध करने पर उसने महेंद्र को थप्पड़ मार दिया था। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया था। आरोप है कि देवेंद्र और उसके भाई दर्शन सिंह ने रंजिश रखते हुए अन्य आरोपियों के साथ मिलकर साजिश के तहत महेंद्र की हत्या करवाई। पुलिस ने बुधराम के बयान पर देवेंद्र, दर्शन सिंह, अजय, रामू और सतीश के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खेत में मजदूर ने साथी की चाकू मार की हत्या

कैथल। गांव बरसाना में खेत में बने कोठे पर शराब पीने के दौरान दो मजदूरों में झगड़ा हो गया। एक मजदूर ने दूसरे की छाती में चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। सिविल अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया। पूंडरी थाना पुलिस ने खेत मालिक की शिकायत पर फरार आरोपी के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बरसाना निवासी सोहन लाल ने बताया कि उसके खेत में बिहार के छपरा जिले से मजदूरी करने के लिए 5 मजदूर आए हैं। ये मजदूर खेतों और आसपास के खेतों में धान की फसल पर स्प्रे करने का काम करते हैं। 24 अगस्त रात 8 बजे वह खेत में धान की फसल देखने गया था। वहां मजदूर शराब पी रहे थे। सुबोध और विजय साहनी अलग बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात पर उनमें झगड़ा हो गया। विजय ने सुबोध की छाती पर चाकू मार दिया। उसने विजय को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग गया।

हत्या कर सड़क पर फेंका शव, दोस्तों पर शक

गुरुग्राम। ओल्ड दिल्ली रोड पर स्थित पार्क अस्पताल के पास से लहूलुहान शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान डूंडाहेड़ा गांव निवासी 33 वर्षीय हरिजीत के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने उसके ही दो दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि हरिजीत नशा करने का आदी था। करीब 6 महीने पहले ही वह नशा मुक्ति केंद्र से इलाज करवा लौटा था, लेकिन नहीं सुधरा। इस मामले में मृतक के परिवार वालों ने हरिजीत के 2 दोस्तों हरकेश और मोनू नेपाली पर शक जताया है। हरिजीत इन्हीं के साथ कहीं बाहर गया था।

पुलिस की डायल 112 की गाड़ी घर के गेट में मारी, नशे के शक पर हंगामा

- गाड़ी से शराब की बोतल मिली, तीनों कर्मियों का करवाया मेडिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हादसे के बाद गाड़ी को देखते पुलिस कर्मचारी व गाड़ी में पड़ी शराब की बोतल।

सीवन क्षेत्र में सोमवार रात को डायल 112 की गाड़ी मकान के गेट से टकराने के मामले में पुलिस ने वाहन में सवार तीन कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने विभागीय जांच भी शुरू कर दी है। विभागीय जांच की जिम्मेदारी डीएसपी क्राइम सुशील कुमार को सौंपी गई है। कर्मचारियों पर शराब के नशे में होने के आरोप लगाए जाने पर तीनों कर्मचारियों का मेडिकल कराया गया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सीवन थाने में दी शिकायत में कुलदीप सिंह चीमा ने बताया कि 24 अगस्त की रात को करीब 9 बजे डायल 112 की गाड़ी तेज रफ्तार में उनके मकान के गेट से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। हादसे में गाड़ी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसका टायर भी फट गया। गाड़ी में एसपीओ जागीर सिंह, एसपीओ सुखविंद्र और ईएचसी दीपक सवार थे। चालक ने गाड़ी को वहां से आगे ले जाने का प्रयास किया, लेकिन लोगों ने उसे रोक लिया। इसी दौरान उनकी गाड़ी में शराब की बोतल दिखाई देने पर लोगों ने कर्मचारियों पर नशे में होने का आरोप लगाया। घटना के एक वीडियो में युवक पुलिसकर्मी से शराब पीकर वाहन चलाने के बारे में सवाल करता दिखाई दे रहा है। बातचीत के दौरान कर्मचारी की ओर से गलती होने की बात कही गई। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने डायल 112 जैसी आपात सेवा में तैनात कर्मचारियों के नशे में होने पर सवाल उठाए।

कार्रवाई के लिए मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार

सूचना मिलने पर सीवन थाना प्रभारी जयभगवान और एडिशनल एसएचओ रामपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तीनों कर्मचारियों को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया। पुलिस के अनुसार, मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

करोड़पति बनने की चाह में डॉक्टर से मांगे थे एक करोड़, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सीआईए स्टाफ ने बाल धर्मार्थ अस्पताल के चिकित्सक को धमकी देकर एक करोड़ की चौथ मागने की गुत्थी को सुलझाते हुए दो आरोपितों का काबू किया। धमकी यूपी के मोबाइल नंबर से दी गई थी। दोनों शार्टकट में करोड़पति बनना चाहते थे। गत 21 अगस्त को बाल धर्मार्थ अस्पताल के चिकित्सक के सहायक सचिन के पास अज्ञात व्यक्ति का कॉल तथा मैसेज आया था। जिसमें एक करोड़ रुपये की चौथ मांगी गई थी। सीआईए स्टाफ ने गांव पिपरिया, जिला शाहजानपुर (यूपी) निवासी सचिन तथा गांव धर्मखेड़ी निवासी सौरभ को जांच कर काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि यूपी निवासी सचिन तथा सौरभ की इंस्टा पर दोस्ती हुई थी। दोनों ने चौथ मांगने से एक सप्ताह पहले योजना बनाई थी। मोबाइल नंबर सौरभ ने उपलब्ध करवाया था। सौरभ इसके लिए अस्पताल भी गया था, लेकिन वह सहायक का नंबर ले आया। जिसके बाद सचिन ने उस नंबर पर चौथ मांगी। डीएसपी रिषभ सोढी ने बताया कि आरोपित यूपी निवासी सचिन के खिलाफ आर्म्स एक्ट का एक मामला पहले से दर्ज है, जबकि दूसरा आरोपित सौरभ बाहरवीं करने के बाद बीएससी नर्सिंग की तैयारी कर रहा था।

इंद्री के भक्तों का ट्रक हिमाचल में पलटा, लड़की की मौत, 45 घायल

- पीर निगाह में पूजा व भंडारे के बाद नैना देवी के लिए रवाना हुए थे भक्त
- गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को पीजीआई रेफर किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

इंद्री के वार्ड नंबर 6 और 7 से हिमाचल प्रदेश के ऊना के समीप धार्मिक स्थल पीर निगाह पर गए श्रद्धालुओं से भरा ट्रक मंगलवार सुबह हादसे का शिकार हो गया। पीर निगाह से करीब दो किलोमीटर आगे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में करीब 45 श्रद्धालुओं के घायल होने की सूचना है, जबकि एक लड़की की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मिली जानकारी के अनुसार इंद्री के वार्ड नंबर 6 व 7 के श्रद्धालु शनिवार रात भगत पप्पू के नेतृत्व में ट्रक से पीर निगाह के लिए रवाना हुए थे। वहां पूजा-अर्चना और भंडारा करने के बाद मंगलवार सुबह सभी श्रद्धालु नैना देवी के दर्शन के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान पीर निगाह से करीब दो किलोमीटर दूरी पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को उपचार के लिए ऊना के अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल करीब पांच श्रद्धालुओं को चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया। मृतक लड़की का नाम पायल बताया जा रहा है। हादसे में बच्ची की मौत की खबर से इंद्री में परिजनों में शोक और चिंता का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अपने अपनों की कुशलक्षेम जानने के लिए अस्पताल और अन्य श्रद्धालुओं से लगातार संपर्क करते रहे।

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने हाई कोर्ट में पेश की ओएमआर उत्तर पुस्तिका

नीट में 520 अंक का दावा खारिज, छात्रा के 85 अंक ही सही माने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने नीट-यूजी 2026 में 520 अंक प्राप्त करने का दावा करने वाली एक छात्रा दीक्षा देवी की याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस सुवीर सहगल और जस्टिस दीपिंदर सिंह नलवा की खंडपीठ ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा प्रस्तुत मूल ओएमआर उत्तर-पत्र और अंकपत्र की जांच के बाद माना कि याचिकाकर्ता ने परीक्षा में 85 अंक ही प्राप्त किए हैं। याचिकाकर्ता ने नीट-यूजी 2026 की परीक्षा दी थी। उसका दावा था कि 13 जुलाई 2026 को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के पोर्टल से डाउनलोड किए गए ओएमआर में दर्ज उत्तरों का उत्तर कुंजी से मिलान करने पर उसके 520 अंक बनते हैं। लेकिन परिणाम घोषित होने पर उसके अंक 85 दर्शाए गए। याचिकाकर्ता ने कहा कि 17 जुलाई 2026 को उसे राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी से एक दूसरा ओएमआर उत्तर-पत्र मिला, जिसमें दर्ज उत्तर पहले डाउनलोड किए गए उत्तर-पत्र से अलग थे। उसने दूसरे उत्तर-पत्र को गलत बताते हुए आरोप लगाया कि ओएमआर उत्तर-पत्र में हेरफेर हुई है। उसने अपने द्वारा पहले डाउनलोड किए गए उत्तर-पत्र के आधार पर 520 अंक मानने, एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परामर्श प्रक्रिया में शामिल करने तथा कथित तौर पर एक ही अभ्यर्थी के विवरण वाले दो अलग-अलग ओएमआर उत्तर-पत्र उपलब्ध होने की जांच कराने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने 12 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को मूल ओएमआर उत्तर-पत्र और दोनों अंक-पत्र सीलबंद लिफाफे में पेश करने का निर्देश दिया था। बाद में सीलबंद लिफाफे खोले गए और कोर्ट ने मूल ओएमआर उत्तर-पत्र तथा याचिकाकर्ता के मूल अंक-पत्र का परीक्षण किया। दोनों पर याचिकाकर्ता के हस्ताक्षर, अंगूठे का निशान और तस्वीर मौजूद थी। कोर्ट ने पाया कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की आधिकारिक अभिरक्षा से प्रस्तुत मूल ओएमआर उत्तर-पत्र, याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रति से उत्तरों के मामले में अलग है। मूल अभिलेख उसी उत्तर-पत्र से मेल खाता है, जिसके आधार पर उसके उत्तरों का मूल्यांकन कर परिणाम घोषित किया गया था।

केवल 47 प्रश्नों के सही उत्तर मिले

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के अनुसार याचिकाकर्ता ने 47 प्रश्नों के सही और 103 प्रश्नों के गलत उत्तर दिए। निर्धारित अंक योजना के अनुसार सही उत्तर के चार अंक और गलत उत्तर के लिए एक अंक काटे जाने पर उसके कुल 85 अंक बने। उसका प्रतिशतक 12.1725891 और अखिल भारतीय रैंक 17,56,382 रही। सामान्य वर्ग के लिए निर्धारित 213 अंकों की न्यूनतम योग्यता के मुकाबले उसके अंक काफी कम थे। कोर्ट ने स्पष्ट टिप्पणी की, केवल याचिकाकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर मामले में जांच का निर्देश देना उचित नहीं होगा। इस आधार पर कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

सेना में रहते हुई बीमारी पर पेंशन का हक

- 1989 में हुए थे सेना से डिस्चार्ज, 50 प्रतिशत दिव्यांगता

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सेना से 1989 में डिस्चार्ज किए गए पूर्व सैनिक भूपिंदर सिंह को दिव्यांगता पेंशन देने के मामले में केंद्र सरकार की चुनौती खारिज कर दी है। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि सैनिक को भर्ती के समय चिकित्सकीय रूप से पूरी तरह फिट पाया गया था और सेवा के दौरान उसे बीमारी हुई तो कानून के तहत बीमारी को सैन्य सेवा से संबंधित मानने का अनुमान उसके पक्ष में जाएगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि मेडिकल बोर्ड की बिना ठोस आधार वाली रिपोर्ट पूर्व सैनिक के दिव्यांगता पेंशन के अधिकार को समाप्त नहीं कर सकती। जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस अमरिंदर सिंह ग्रेवाल की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया। मामला पूर्व सैनिक भूपिंदर सिंह से जुड़ा था, जिन्हें 31 जुलाई 1989 को सेना से डिस्चार्ज किया गया था। उन्होंने 18 वर्ष 215 दिन की सेवा पूरी की थी। भर्ती के समय 29 दिसंबर 1970 को हुए मेडिकल परीक्षण में वह किसी ऐसी बीमारी से पीड़ित नहीं पाए गए थे। बाद में सेना में सेवा के दौरान उन्हें इस्केमिक हार्ट डिजीज हो गई। सशस्त्र बल न्यायाधिकरण, चंडीगढ़ ने छह मई 2024 को उन्हें दिव्यांगता पेंशन का लाभ देते हुए 20 प्रतिशत दिव्यांगता को 50 प्रतिशत तक राउंड आफ करने का आदेश दिया था। यह लाभ एक अगस्त 1989 से यानी सेवा से डिस्चार्ज होने के अगले दिन से दिया गया था। केंद्र सरकार ने इसी आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। केंद्र की ओर से दलील दी गई कि मेडिकल परीक्षण में बीमारी को 'न तो सैन्य सेवा के कारण और न ही सैन्य सेवा से बढ़ी हुई' माना गया था। साथ ही, पेंशन का दावा करीब 32 वर्ष की देरी से किए जाने पर भी आपत्ति जताई गई।

अधूरी सड़क पर वसूल रहे टोल हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

अंबाला-कैथल सड़क मार्ग की खराब हालत और करीब तीन वर्षों से निर्माण कार्य अधूरा रहने के आरोपों पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एनएचएआई व अन्य को नोटिस जारी किया है। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि अंबाला-कैथल मार्ग का पूरा हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त है और निर्माण कार्य लंबे समय से पूरा नहीं हुआ है। इसके बावजूद वाहन चालकों से टोल टैक्स वसूला जा रहा है। कार्यवाहक चीफ जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ ने स्वत संज्ञान लेकर शुरू की गई जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। अगली सुनवाई के लिए 17 सितंबर की तारीख तय की है।

व्यावसायिक मात्रा में नशे की सप्लाई के मामले में हाई कोर्ट ने नहीं दी अग्रिम जमानत

चंडीगढ़। हाई कोर्ट ने व्यावसायिक मात्रा में नशीले पदार्थ की सप्लाई के आरोपित को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि व्यावसायिक मात्रा के मामले में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस एक्ट) की धारा 37 की कड़ी शर्तें लागू होती हैं। जस्टिस सूर्य प्रताप सिंह ने यह आदेश साहिल कुमार की याचिका पर सुनाया। याचिका थाना बिलासपुर, यमुनानगर में 3 जून 2026 को दर्ज एफआईआर से संबंधित थी। एक आरोपी हैप्पी से प्रतिबंधित 650 कैप्सूल बरामद हुए थे। उसने साहिल कुमार को नशीले पदार्थ का सप्लायर बताया था।

खबर संक्षेप

सोने में चौथे दिन भी तेज़ी चांदी 3,500 रुपये टूटी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में लगातार चौथे दिन तेजी जारी रही और यह 2,700 रुपये बढ़कर 1,67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव सोमवार को 1,64,400 प्रति 10 ग्राम पर रहा था। हालांकि, व्यापारियों की मुनाफावसूली के कारण तीन दिन की तेजी के बाद चांदी की कीमतों में थोड़ी गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 3,500 रुपये घटकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि पिछली सत्र में यह 2,53,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सर्राफा की कीमतों में हालिया बढ़त का कुछ हिस्सा कम हो गया। दो दिन की बढ़त के बाद, हाजिर सोने की कीमत 11.87 डॉलर या 0.26 प्रतिशत टूटकर 4,639.51 डॉलर प्रति औंस रह गई।

रुपया 24 पैसे की बढ़त के साथ 95.46 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को शुरुआती नुकसान से उबरकर 24 पैसे की बढ़त के साथ 95.46 रुपये (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी, अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावना घटने से अमेरिकी डॉलर में बनी समग्र कमजोरी से निचले स्तर पर रुपये को समर्थन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 95.50 से 96.00 के आसपास सीमित दायरे में बनी रही।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

यूपीआई के 10 साल: पीएम ने देशवासियों से अपने अनुभव साझा करने का किया आह्वान

मोदी बोले- छोटे दुकानदार से लेकर करोड़ों लोगों तक पहुंचा डिजिटल भुगतान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति के सबसे बड़े प्रतीकों में शामिल यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने एक दशक का सफर पूरा कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीआई के दस साल पूरे होने के अवसर पर इसकी उपलब्धियों को हर भारतीय के लिए गर्व का विषय बताया और देशवासियों से यह अनुभव साझा करने का आह्वान किया कि इस डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को किस तरह बदला है।

- यूपीआई भुगतान ने लेन-देन के तौर-तरीके को पूरी तरह बदल दिया

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दशक पहले यूपीआई की शुरुआत भारत की डिजिटल भुगतान यात्रा में निर्णायक मोड़ साबित हुई और इसने देश में लेन-देन के तौर-तरीके को पूरी तरह बदल दिया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2016 में शुरुआत के समय यूपीआई से केवल 21 बैंक जुड़े थे, जबकि मार्च 2026 तक यह संख्या बढ़कर 703 बैंक हो गई। वित्त वर्ष 2025-26 में यूपीआई के माध्यम से 24,161.69 करोड़ लेन-देन हुए और इनका कुल मूल्य करीब 314 लाख करोड़ रुपये रहा।



कैश से क्यूआर कोड तक बदली तस्वीर

एक दशक पहले छोटे मूल्य के दैनिक लेन-देन में नकदी का दबदबा था। किराना दुकान, सब्जी बाजार, चाय की दुकान या ऑटो-रिक्शा में भुगतान के लिए नकद रखना आम बात थी। यूपीआई और क्यूआर कोड ने इस व्यवस्था को बदल दिया। अब ग्राहक मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर कुछ सेकंड में भुगतान कर सकता है। इससे भुगतान प्रक्रिया तेज हुई है और डिजिटल लेन-देन का रिकॉर्ड भी उपलब्ध रहता है।

2016 में शुरू हुई थी नई डिजिटल भुगतान व्यवस्था

पीएम ने कहा कि यूपीआई को एनपीसीआई ने भारतीय रिजर्व बैंक की नियामकीय निगरानी में विकसित किया था। इसकी शुरुआत 11 अप्रैल 2016 को हुई। इसका मूल उद्देश्य अलग-अलग बैंक खातों और भुगतान प्रणालियों के बीच तत्काल, आसान और इंटरऑपरेबल डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराना था।

रोजमर्रा की जिंदगी का बन चुका हिस्सा

मोदी ने कहा कि शुरुआत में यूपीआई का इस्तेमाल सीमित स्तर पर हुआ, लेकिन स्मार्टफोन, सस्ता इंटरनेट, बैंक खातों की बढ़ती पहुंच और डिजिटल सेवाओं के विस्तार के साथ इसका इस्तेमाल तेजी से बढ़ता गया। आज चाय की दुकान से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल, ऑनलाइन खरीदारी, बिल भुगतान, टैक्सी, रेस्तरां और व्यक्तिगत धन हस्तांतरण तक यूपीआई रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है।

दुनिया में भारत की डिजिटल पहचान

यूपीआई की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक इसका अंतरराष्ट्रीय प्रभाव है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2025 में वैश्विक रियल-टाइम भुगतान लेन-देन की मात्रा में यूपीआई की हिस्सेदारी करीब 49 प्रतिशत थी। भारत का यह भुगतान मॉडल दुनिया में रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट के सबसे बड़े उदाहरणों में शामिल हो गया है। यूपीआई की पहुंच भारत की सीमाओं से बाहर 11 अन्य देशों में इसके उपयोग की जानकारी दी गई थी।

10 साल में 12 हजार गुना बढ़ा लेन-देन

यूपीआई के विकास की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वित्त वर्ष 2016-17 में जहां इससे लगभग 2 करोड़ वार्षिक लेन-देन हुए थे, वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में यह आंकड़ा बढ़कर 24,162 करोड़ से अधिक हो गया। यानी करीब दस साल में लेन-देन की संख्या में लगभग 12,000 गुना वृद्धि हुई। 2016-17 में यूपीआई के जरिए लेन-देन का मूल्य करीब 0.07 लाख करोड़ रुपये था, जो 2025-26 में बढ़कर लगभग 314 लाख करोड़ रुपये हो गया।

अभिनेता हर्षवर्धन राणे बने 'टीआई22 बाय अहम' का चेहरा

मुंबई। सेन्को गोल्ड एंड डायमण्ड्स ने आज एक्टर हर्षवर्धन राणे को 'टीआई22 बाय अहम' का चेहरा घोषित किया। यह उनके पुरुषों के लिए खास ज्वेलरी ब्रांड 'अहम' का नया टाइटेनियम, गोल्ड और डायमंड कलेक्शन है। आधुनिक पौरुष की बदलती पहचान को दिखाते हुए, ''टीआई22 बाय अहम'' टाइटेनियम की मज़बूत और हल्के गोल्ड और डायमंड के सदाबहार आकर्षण के साथ मिलाता है। हर्षवर्धन राणे इस कैंपेन के मुख्य चेहरे हैं और यह कलेक्शन पुरुषों की उस नई पीढ़ी को दर्शाता है जो अपनी अलग पहचान, असलियत और शांत आत्मविश्वास को अपनाते हैं, और ''बोल्ड बनें-मज़बूत बनें।'' की सोच पर चलते हैं। इस नए अध्याय की शुरुआत हर्षवर्धन राणे कर रहे हैं, जिनकी पब्लिक इमेज 'अहम' (अहम) की सोच से मेल खाती है। 'अहम टाइटेनियम बाय सेन्को' और 'टीआई22 कलेक्शन' के साथ जुड़ने पर हर्षवर्धन राणे ने कहा, ''मेरे लिए, मज़बूती का मतलब कभी भी सबसे ज़्यादा शोर मचाना या आस-पास के लोगों को कुछ साबित करने की कोशिश करना नहीं रहा है। इसका मतलब है खुद को जानना, अपनी मान्यताओं पर अडिग रहना और आगे बढ़ते रहने का अनुशासन बनाए रखना। इसीलिए मैं ''टीआई22 बाय अहम'' से जुड़ा।

भारत ने अमेरिका से एलपीजी एलएनजी की बढ़ाई खरीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण खाड़ी देशों से आपूर्ति प्रभावित होने के बीच भारत ने अमेरिका से तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की खरीद तेजी से बढ़ाई है। समुद्री सूचना कंपनी केप्लर के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। केप्लर के मुताबिक, भारत ने अगस्त में अमेरिका से करीब 6.2 लाख टन एलपीजी का आयात किया है, जबकि जुलाई में यह मात्रा 8.9 लाख टन थी। अगस्त में अमेरिका से हुई आपूर्ति भारत के कुल एलपीजी आयात का 73 प्रतिशत से अधिक रही। इसके मुकाबले खाड़ी देशों से एलपीजी आयात में तेज गिरावट आई है।

आरबीआई के नए नियम से बदल सकती है होम लोन की ईएमआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक ने फ्लोटिंग रेट वाले लोन की ब्याज दरों में बदलाव को तेजी से लागू करने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, अभी इसका मौजूदा कर्ज या ईएमआई पर कोई असर नहीं होगा। आरबीआई ने प्रस्ताव पर 11 सितंबर, 2026 तक सुझाव मांगे हैं। अगर नियम अंतिम रूप लेते हैं, तो नए नियम 1 अप्रैल, 2027 से लागू हो सकते हैं। फिलहाल उधारकर्ताओं को अपनी अगली ईएमआई को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। प्रस्तावित नियमों के तहत फ्लोटिंग रेट वाले लोन की ब्याज दर अधिकतम तीन महीने में रीसेट करनी होगी। अभी कई लोन साल में केवल एक बार रीसेट होते हैं। इससे आरबीआई के रेपो रेट में बदलाव का असर ग्राहकों तक पहुंचने में समय लगता है। नए नियम लागू होने पर दरों में कटौती का फायदा जल्दी मिल सकता है। हालांकि, अगर ब्याज दर बढ़ती है, तो उसका असर भी ईएमआई या कर्ज की अवधि पर तेज दिखाई दे सकता है।

- प्रस्ताव पर 11 सितंबर, 2026 तक सुझाव मांगे

हैदराबाद एयरपोर्ट पर घरेलू यात्रियों से अब लिया जाएगा 515 रुपये शुल्क

मुंबई। विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण ने हैदराबाद हवाई अड्डे से रवाना होने वाले यात्रियों के लिए उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) घटा दिया है। घरेलू यात्रियों के लिए अब यह शुल्क 515 रुपये और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 1,030 रुपये होगा। एईआरए ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि नयी दरें एक सितंबर, 2026 से लागू होंगी और 31 मार्च, 2031 तक प्रभावी रहेंगी। नियामक ने कहा कि 2026-31 की अवधि के लिए शुल्क का निर्धारण 'अतिरिक्त समग्र राजस्व आवश्यकता' (एआरआर) व्यवस्था के आधार पर किया गया है। एईआरए ने कहा यह हवाई अड्डा संचालक द्वारा प्रस्तावित 580 रुपये प्रति यात्री के शुल्क से कम है और हवाई अड्डे पर वर्तमान में लगाए जा रहे 750 रुपये के यूडीएफ से भी कम है।''

राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला उगालन (18983) बास

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला उगालन 18983 खण्ड बास हासी II में कण्डम घोषित विद्यालय के 6 कमरे 1 स्टोर + बरामदा की बोली की जानी प्रस्तावित हुई है। इच्छुक बोलीदाता बोली में भाग लेने के लिए दिनांक 03.09.26 को सुबह 10:00 बजे विद्यालय में आकर बोली दे सकता है। बोलीदाता को 20,000 रुपये (बीस हजार) नकद अंतरिम धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता को शेष राशि उसी दिन अथवा एक सप्ताह के अन्दर-अन्दर जमा करवानी होगी। बाकी शर्तें व नियम मौके पर बता दी जाएंगी।

Sd/- Rajesh Kumar,
Head Teacher, Govt. Girls Pry. School,
UGALAN (Hisar)
Mob-9050427261, 9466620056

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
(SUCCESSION CASE)
IN THE COURT OF
Sh. DAVENDER
Civil Judge (Senior Division), Kurukshetra
SUCC/15/2026
VINOD KUMAR
Vs.
1. General Public
CNR No. HRKU02-001392-2026
Next Date : 25.09.2026
Petition under section 372 of the Indian Succession Act for issuance of Succession Certificate.
NOTICE TO :-
1. General Public
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **25.09.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Kurukshetra
Sd/- DAVENDER Civil Judge (Senior Division), Kurukshetra
Dated, this day of 24.08.2026

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Sh. Vivek Tomar
Additional Civil Judge (Senior Division), City Civil Court, Bahadurgarh
CHANDERBHAN@MUKESH
Vs.
General Public
CASE. No. CS/395/2019
CNR No. HRJRA0-000808-2019
Next Date : 23.11.2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
General Public
:-
India
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **23.11.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), City Civil Court, Bahadurgarh
Dated, this day of 24.08.2026

कच्चे तेल के दाम में नरमी से शेयर बाजार में लौटी तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट से उबरते हुए अंतिम समय में हुई लिवाली और कच्चे तेल के दाम में तेज गिरावट से बढ़त में रहे। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 287 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 115 अंक के लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान अधिकांश समय गिरावट में रहा लेकिन आखिरी घंटे में लिवाली से यह 286.98 अंक यानी 0.37 प्रतिशत बढ़कर 77,656.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 77,666.39 अंक तक गया और नीचे में 77,125.91 अंक तक आया। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 लाभ में जबकि छह नुकसान में रहे। इसी तरह, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी कारोबार के आखिरी चरण में हुई लिवाली के कारण 115.50 अंक यानी 0.48 प्रतिशत बढ़कर 24,334.55 अंक पर बंद हुआ।

एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(अंतरिक्ष विभाग के अंतर्गत भारत सरकार की कंपनी) अंतरिक्ष भवन परिसर, न्यू बी.ई.एल रोड बेंगलूरु- 560094

एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत सरकार के पात्र उपक्रमों/एजेंसियों से समग्र भर्ती सेवाएँ प्रदान करने हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है। इच्छुक एजेंसियों के पास सरकारी विभागों, केंद्र/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों, वैधानिक निकायों तथा अन्य सरकारी संगठनों को ऐसी सेवाएँ प्रदान करने का सिद्ध अनुभव होना चाहिए। विस्तृत ईओआई दस्तावेज एसीएल की वेबसाइट **www.antrix.co.in** पर उपलब्ध है। इच्छुक एजेंसियाँ निर्धारित प्रारूप में नियत समय सीमा के भीतर अपनी रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत कर सकती हैं।

CBC-49118/11/0001/2627

पूर्व रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं.: 94, 98, 99-एमएलडीटी-26-27, दिनांक 21.08.2026 (सिविल कार्य)। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं.1, निविदा सं. 94-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-II/पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में "रेलवे हेल्थ यूनिट भागलपुर और साहिबगंज के उन्नयन" के सिविल कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.97,13,399.92, **क्रम सं.2, निविदा सं. 98-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर- II/ पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक इंजीनियर / भागलपुर के अधीन सबौर, कहलगांव, बांका और गोड्डा स्टेशन के सॉफ्ट अपग्रेडेशन के लिए फेज-1 के शेष कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.7,49,74,879.33, **क्रम सं.3, निविदा सं. 99-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-II/ पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक इंजीनियर / साहिबगंज के अधीन साहिबगंज और शिवनारायणपुर स्टेशन के सॉफ्ट अपग्रेडेशन के लिए फेज-1 के शेष कार्य के सिविल कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.3,83,97,901.37, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** 15.09.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 से 3 के लिए)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps .gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, मालदा टाउन। MLD-173/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

राशिफल

मेष — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

दस साल में एक जीबी डेटा 97% हुआ सस्ता, खपत 128 गुना बढ़ी: जियो

मुंबई (एजेंसी)। देश में पिछले एक दशक में एक जीबी मोबाइल डेटा की कीमत में करीब 97 प्रतिशत की कमी आई है। इसी अवधि में प्रति ग्राहक औसत मासिक वायरलेस डेटा खपत में भी 128 गुना की बढ़ोतरी हुई है। देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ये आंकड़े साझा करते हुए कहा कि 2016 में एक जीबी मोबाइल डेटा की कीमत औसतन करीब 228 रुपये थी, जो अब घटकर लगभग 7.51 रुपये रह गई है। वहीं इस दौरान डेटा की प्रति व्यक्ति मासिक खपत जो 0.2 जीबी से से भी कम थी, दिसंबर 2025 तक 26.7 जीबी पर पहुंच गई है। इसी अवधि में मोबाइल डाउनलोड स्पीड भी 2.5 एमबीपीएस से बढ़कर 68 एमबीपीएस से अधिक हो गई है। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही रिलायंस जियो के पांच सितंबर को व्यावसायिक परिचालन के 10 साल पूरे हो जाएंगे। रिलायंस जियो ने सलाहकार कंपनी 'एनालिसिस मेसन' की रिपोर्ट और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि एक दशक में मोबाइल इंटरनेट के इस्तेमाल में कई गुना बढ़ोतरी हुई है।

हुंदै मोटर ने की जियो बीपी के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड और जियो-बीपी ने अपने ईवी चार्जिंग नेटवर्क को एकीकृत करने और देशभर में बिजलीचालित वाहन के उपयोगकर्ताओं को चार्जिंग स्टेशन तक आसान पहुंच उपलब्ध कराने के मकसद से साझेदारी की है। जियो-बीपी रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का संयुक्त उद्यम है। यह इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सेवाओं और समाधान का एक प्रमुख प्रदाता है। एचएमआईएल ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि इस एकीकरण के बाद हुंदै के ग्राहक माईहुंदै ऐप के जरिये जियो-बीपी पल्स के चार्जिंग स्टेशन को खोजने, उन तक पहुंचने और उनका इस्तेमाल करने में सक्षम होंगे। जियो-बीपी पल्स नेटवर्क के जुड़ने के साथ हुंदै मोटर इंडिया के ईवी चार्जिंग परिवेश में अब देशभर में 37,000 से अधिक चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध होंगे।

हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ/एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि., रोहतक	2026_HBC_536642_1	तिथि 01.09.2026 अप. 16:00 बजे तक बढ़ाई गई खुलना 02.09.2026 पूर्वा. 11:30 बजे।	vitaindia@gmail.com	9896401185 vitarchtaki@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/48575/I/88/6 दि. 25.08.26

शब्द पहेली - 6328



बाएँ से दाए-
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

ऊपर से नीचे
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

शब्द पहेली - 6327 का हल



खबर संक्षेप



पीएम मोदी से मिले चौधरी कई मुद्दों पर की चर्चा

नई दिल्ली। गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में पीएण नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।दोनों के बीच सहकारिता, प्रकृति और कृषि समेत कई अहम विषयों पर चर्चा हुई। चौधरी ने प्रधानमंत्री को गुजरात के थराद के शिवनगर क्षेत्र की महिला कारीगरों द्वारा हाथ से तैयार की गई पारंपरिक शॉल भी भेंट की। चौधरी ने मुलाकात की जानकारी दी है।

गणेश भक्तों पर अंडा फेंकने वाला गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई के माझगांव में गणेश भक्तों पर अंडा फेंकने वाला दानिश शेर खान गिरफ्तार हो गया

है। वह 22 साल का है और अंडों का ही व्यवसाय करता है। उसने गणेश भक्तों के ऊपर अंडा क्यों फेंका, इसके पीछे की वजह भी सामने आई है। दानिश को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसने बताया कि उसे पटाखों से परेशानी हुई थी, इसलिए गुस्से में ये हरकत की।

बिना पीयूसी नहीं चल पाएंगी सरकारी गाड़ियां

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए एनजीटी ने एक बहुत बड़ा और कड़ा फैसला सुनाया है। प्रदूषण फैलाने के मामले में अब सरकारी गाड़ियों को भी कोई छूट नहीं मिलेगी। एनजीटी ने दिल्ली सरकार को सख्त निर्देश दिए हैं कि बिना वैध पॉल्यूशन सर्टिफिकेटके सड़कों पर दौड़ने वाली सभी सरकारी गाड़ियों का चालान काटा जाए।

श्रीशैलम में परिवार के पांच लोग मृत मिले

श्रीशैलम। आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम में मंगलवार को एक लॉज में एक ही परिवार के 5 सदस्य मृत पाए



गए। पुलिस को संदेह है कि स्वास्थ्य और आर्थिक परेशानियों के कारण उन्होंने संभवतः आत्महत्या की। श्री सत्य साईं जिले के बट्टलापल्ली गांव निवासी पल्लापु सुधाकर अपनी 3 बहनों और भांजे के साथ 28 जुलाई को श्रीशैलम आए थे।

चीनी के दाम पर टिप्पणी करने के आरोप में लेखपाल निलंबित

जौनपुर। उप्र के जौनपुर की शाहगंज तहसील में तैनात लेखपाल को चीनी की बढ़ती कीमतों को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। अफसर ने जानकारी दी। शाहगंज तहसील में तैनात लेखपाल अशोक कुमार यादव ने 'फेसबुक' पर एक पोस्ट में लिखा था,चाय खतरे में है मित्तर, चीनी पहुंच गई सत्तर।

अयोग्यता मामला : अभिषेक बनर्जी की याचिका पर सुको ने भेजा नोटिस

टीएमसी के 20 बागी सांसदों की जा सकती है सदस्यता!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस की याचिका पर अयोग्यता के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी 20 बागी सांसदों के खिलाफ नोटिस जारी किया है, ये सभी सांसद नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में शामिल हो गए हैं। इस मामले में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की ओर से सॉलिसिटर जनरल पेश हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई हो रही है। टीएमसी के 20 सांसदों के पार्टी बदलने के बाद उनकी सदस्यता खत्म करने की मांग वाली याचिकाओं पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने अभी तक फैसला नहीं लिया है। अभिषेक बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर मांग की है कि लोकसभा स्पीकर दल-बदल विरोधी कानून के तहत इन सांसदों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर फैसला करें। सुप्रीम कोर्ट ने अभी स्पीकर को नोटिस जारी नहीं किया।

स्पीकर से समयसीमा में फैसला लेने की बताई जरूरत

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वो स्पीकर से इस बारे में निर्देश लेकर कोर्ट को अवगत कराएंगे। इस बारे में जस्टिस बागची ने कहा कि आप आ गए हैं तो हमारा उद्देश्य पूरा हो गया है, इसलिए स्पीकर को नोटिस

जारी नहीं कर रहे हैं। हम सवैंधानिक संस्था को कोई निर्देश नहीं देना चाहते लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसे फैसले समय से हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी हम स्पीकर को नोटिस जारी नहीं रहे हैं, बाकी पक्षकारों को नोटिस जारी कर रहे हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट शिवसेना (यूबीटी) की एक ऐसी ही याचिका पर भी सुनवाई कर रहा है, जिसमें स्पीकर द्वारा महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में पार्टी के छह सांसदों के विलय को मंजूरी देने को चुनौती दी गई है। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच उस याचिका पर सुनवाई कर रही है। इसके बाद अब टीएमसी के बागी विधायकों को लेकर सुप्रीम कोर्ट मामले की सुनवाई कर रहा है।

लोस सचिवालय ने सभी से जवाब तलब किया

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद टीएमसी के महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी की ओर से दायर दलबदल संबंधी याचिका पर लोकसभा सचिवाल ने सभी 20 सांसदों से जवाब मांगा है। सचिवालय की तरफ से मंगलवार (25 अगस्त) को जारी पत्र में याचिका पर सात दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा गया है। अभिषेक बनर्जी ने 18 जून 2026 को लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष इस याचिका को दायर किया था। इस याचिका में सांसद के खिलाफ संविधान की दसवीं अनुसूची और सदस्यों की अयोग्यता से जुड़े लोकसभा नियमों 1985 के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। सभी सांसदों से मिला जवाब लोकसभा अध्यक्ष के सामने विचार के लिए रखा जाएगा।

ममता के खेमे में वापस लौटे मुस्लिम विधायक

कोलकाता। ममता बनर्जी के लिए विधानसभा चुनाव 2026 के बाद से मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही थीं। एक-एक करके कई सांसद और विधायक ममता का साथ छोड़कर चले गए थे, लेकिन अब ममता के एक करीबी की तृणमूल कांग्रेस में वापसी हुई है। तृणमूल कांग्रेस के विधायक कासिम सिद्दीकी, ममता बनर्जी के खेमे में वापस लौट आए हैं।

अभिषेक की 3 एफआईआर में गिरफ्तारी पर लगी रोक

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने टीएमसी के महासचिव और डायमंड हार्बर से लोकसभा

सांसद अभिषेक बनर्जी को 3 और एफआईआर में अंतरिम राहत दी है। कोर्ट ने इन मामलों में गिरफ्तारी समेत सख्त पुलिस कार्रवाई पर रोक लगाई है। अब अभिषेक को उनके खिलाफ दर्ज 16 एफआईआर में से 11 मामलों में अंतरिम सुरक्षा मिल चुकी है।

'गणेश चतुर्थी' की तैयारी जोरों पर

अहमदाबाद। मंगलवार 'गणेश चतुर्थी' त्योहार के लिए भगवान गणेश की मूर्ति को सजाता एक कारीगर। गणेश चतुर्थी हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार भारत के विभिन्न भागों में मनाया जाता है किन्तु महाराष्ट्र व कर्नाटका में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल 14 सितंबर सोमवार को मनाई जाएगी। इसकी तैयारियां देशभर में जोरों पर चल रहीं हैं।

यूपी में छात्राओं को फ्री स्कूटी और 4 लीटर पेट्रोल देगी सरकार

- योगी ने 'रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना' की शुरुआत
- 12 लाख से कम वार्षिक आय वाले परिवार ही होंगे पात्र
- बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने और आवागमन सुगम बनाना उद्देश्य

'**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की बेटियों को उच्च शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने और उनके आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से 'रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना' की शुरुआत की है। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि मेधावी छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी के साथ चार लीटर पेट्रोल भी मुफ्त दिया जाएगा। इसके अलावा, स्कूटी के पूरे पैकेज में वाहन का रजिस्ट्रेशन, कमप्रिहेंसिव इंश्योरेंस, आईएसआई मार्क का हेलमेट और अन्य जरूरी एक्सेसरीज भी शामिल होंगी।

इन्हें मिलेगा लाभ

योजना का लाभ शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक पूरा करने वाली छात्राओं को मिलेगा। उप्र का मूल निवासी होना अनिवार्य है। परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। बलिदानी परिवारों की बेटियों, दिव्यांग और निराश्रित छात्राओं को कट-ऑफ/मेरिट में 10 प्रतिशत अंक की छूट का प्रावधान किया गया है।

लॉरेंस घड़े की मछली जैसा, कभी भी मार सकता हूं: गोल्डी बराड़

एजेंसी ▶▶| मोहाली

- गैंगस्टर ने अर्श डल्ला को कहा- सिद्धू मूसेवाला तुम्हारी वजह से मरा
- अमेरिका में बैठे गैंगस्टर ने ऑडियो जारी कर डल्ला के आरोपों का दिया जवाब

कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर पंजाबी गैंगस्टर आमने-सामने आ गए हैं। अमेरिका में बैठे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने एक ऑडियो जारी कर गैंगस्टर अर्श डल्ला को उसके आरोपों का जवाब दिया है। लॉरेंस के साथ लड़ाई पर गोल्डी बराड़ ने कहा कि दोनों के बीच पुरानी दोस्ती थी।

अब उनके उसूल अलग हैं। बराड़ ने कहा कि अगर लॉरेंस उसे नुकसान पहुंचा सकता है तो वह भी उसका सामना करने के लिए तैयार है। दोस्तों के बीच दुश्मनी होने पर भी बात आमने-सामने होनी चाहिए। लॉरेंस जेल में है, घड़े की मछली है। अपने सर्वाइवल के लिए जो करना चाहता है, करे। उसकी अपनी स्ट्रेटजी है। वह मुझे मार सकता है। मैं भी जब चाहे किसी को भी मार सकता हूं। वहीं, गोल्डी ने सिंगर सिद्धू मूसेवाला की मौत पर भी स्थिति साफ की है। उसने डल्ला से कहा कि तुम्हारे ग्रुप को पता था कि सिद्धू समझौते व राजीनामे के लिए हाथ-पैर मार रहा है। स

द्धिू ने मुझे मैसेज जरूर भेजे थे। 3 करोड़ रुपये तक ऑफर किए थे। हालांकि, हमने साफ इनकार कर दिया। तुमने उसे अपने गैंग में ऐसा फंसाया कि वह निकल ही नहीं पाया। हाल ही में वायरल हुए एक ऑडियो में गोल्डी बराड़ ने अर्श डल्ला को जवाब देते हुए लॉरेंस के साथ लड़ाई पर बात की। उसने कहा कि जिनके उसूल न मिलते हों, वहां लड़ाइयां हो जाती हैं। उसने कहा- मेरी लॉरेंस से बहुत पुरानी यारी थी। हम लड़े हैं। तेरी तरह सोए हुए एक-दूसरे पर जहर नहीं डाला। तेरी तरह उलझाकर नहीं मारा। अगर वह (लॉरेंस) मुझे मारेगा तो कोई बात नहीं है, मैं उसके उलट खड़ा हूं। वह मार सकता है। अगर मुझे किसी को मारना है तो मैं भी मार सकता हूं। मैं पीठ पीछे वार नहीं करता। यारों-दोस्तों में लड़ाइयां होती हैं। दुश्मनी भी होती है, लेकिन बात मुंह पर होनी चाहिए।

पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेगी बसपा: मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों को लेकर अपनी रणनीति साफ कर दी है। बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश के साथ पंजाब और उत्तराखंड में भी किसी दल से गठबंधन या समझौता किए बिना अपने बलबूते चुनाव मैदान में उतरेगी। मायावती ने पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और कर्मठ व ईमानदार लोगों को

- पिछली बार अकाली दल से गठबंधन था, पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद फैसला

उम्मीदवार बनाने पर विशेष जोर दिया। मायावती ने लखनऊ में आयोजित बैठक में पंजाब में पार्टी के जनाधार और संगठन की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा को बेहतर परिणाम के लिए पूरी ताकत से तैयारी करनी होगी। बसपा प्रमुख पार्टी पदाधिकारियों को चुनावी तैयारियों में किसी तरह की कमी नहीं रहने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनावी गठबंधन से पार्टी को सीट और वोट प्रतिशत, दोनों स्तर पर नुकसान उठाना पड़ता है।

उप्र में विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट

बीएलओ भारतीय लोकतंत्र की होते नींव: ज्ञानेश कुमार

भाषा ▶▶| लखनऊ

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को भारतीय लोकतंत्र की नींव₹ बताते हुए कहा कि उनकी पारदर्शिता और समर्पण ने उन्हें मतदाताओं के साथ-साथ देश एवं दुनिया में पहचान दिलाई है। कुमार ने लखनऊ में बीएलओ के साथ बातचीत के दौरान कहा कि भारत निर्वाचन आयोग संविधान, कानूनों और आयोग के निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से चुनाव कराता है।

उन्होंने कहा कि बीएलओ भारतीय लोकतंत्र की नींव हैं। वे अपनी पारदर्शिता और समर्पण के लिए अपने-अपने बूथों पर मतदाताओं के बीच जाने जाते हैं।₹ मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि उन्होंने बीएलओ के सुझाव सुनने और उनके सवालों का समाधान करने के लिए उनसे बातचीत की। उन्होंने कहा कि बीएलओ जमीनी स्तर पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

लखनऊ से पुराने पारिवारिक व शैक्षिक संबंधों का भी किया जिक्र

कुमार ने लखनऊ से अपने पुराने पारिवारिक व शैक्षिक संबंधों का भी जिक्र किया और कहा कि एक सामान्य परिवार से आने के कारण वह बीएलओ के साथ एक विशेष जुड़ाव महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में करीब 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं, जो कई देशों के संयुक्त मतदाताओं से भी अधिक हैं।

पुणे में आदिवासी छात्रों का आंदोलन 13वें दिन भी जारी

प्रदर्शन स्थल पहुंचे कई विपक्षी नेता

भाषा ▶▶| पुणे

महाराष्ट्र में विपक्षी नेताओं ने सरकार पर पुणे में 13 दिन से जारी आदिवासी छात्रों के आंदोलन को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। मंगलवार को भूख हड़ताल पर बैठे छह प्रदर्शनकारियों में से एक की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार और वंचित बहुजन आघाडी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर के बेटे सुजात आंबेडकर समेत कई राजनीतिक नेता प्रदर्शन स्थल पहुंचे और छात्रों का समर्थन किया। एक दिन पहले राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस से भूख हड़ताल कर रहे आदिवासी छात्रों की समस्याओं पर

भूख हड़ताल पर बैठे छह प्रदर्शनकारियों में एक की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

ध्यान देने की अपील की थी। गांधी ने फडणवीस को पत्र लिखकर उनसे प्रदर्शन कर रहे आदिवासी छात्रों से व्यक्तिगत रूप से मिलने और उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने की अपील की। छात्रों की मांगों में सरकारी छात्रावास में रहने के लिए 30 साल की उम्र सीमा जैसी कड़ी शर्तों में ढील देना भी शामिल है।

रक्षाबंधन ज्वेलरी ऐड पर छिड़ा विवाद

कृति सेनन पर कंगना का प्रहार, समर्थन में आए राहुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक ज्वैलरी ब्रांड के रक्षाबंधन विज्ञापन को लेकर सोशल मीडिया से लेकर सियासत तक घमासान छिड़ गया है। विज्ञापन में अभिनेत्री कृति सेनन के परिधान और पालतू कुत्ते को राखी बांधने के दृश्य को लेकर शुरू हुए विवाद में अब राजनेताओं की भी एंट्री हो गई है। एक तरफ जहां भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कृति के पहनावे पर सवाल उठाए हैं, वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कृति का खुलकर बचाव किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कृति सेनन का समर्थन करते हुए उनकी इंस्टाग्राम स्टोरी अकाउंट पर साझा की। राहुल ने लिखा, महिला क्या पहनती है,

- कांग्रेस सांसद बोले- महिलाएं क्या पहनती हैं ये उनकी पसंद

क्या करती है और कहां जाती है, यह उसकी अपनी पसंद है। अपनी आजादी का इस्तेमाल करने वाली महिलाओं को ट्रोल करना बंद करें। कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर बिना नाम लिए कृति के आउटफिट पर तंज कसा। कंगना ने लिखा, आज की महिला के पास कॉकटेल ड्रेस, साड़ी, जींस से लेकर सलवार-कमीज तक कई विकल्प मौजूद हैं। ऐसे में आप बिकिनी या अंडरगारमेंट्स जैसे परिधान में भाई को राखी क्यों बांधेंगी?

चिदंबरम ने यूपीआई की शुरुआत का मजाक उड़ाया था

गोलगप्पे और सब्जी बेचने वाले राहुल गांधी से कहीं ज्यादा समझदार: भाजपा

- केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने चिदंबरम से जुड़ा वीडियो पोस्ट किया

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूपीआई) की ₹सफलता की कहानी₹ का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि गोलगप्पे और सब्जी बेचने वाले लोग भी पार्टी नेता राहुल गांधी से कहीं ज्यादा समझदार हैं।

भाजपा ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने यूपीआई की शुरुआत का मजाक उड़ाया था, जबकि बीते एक दशक में यह दुनिया की सबसे बड़ी रियल-टाइम भुगतान प्रणाली बनकर उभरा है। यूपीआई की शुरुआत 25 अगस्त 2016 को की गई थी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय

में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चिदंबरम ने यूपीआई को एक बड़ी गलती बताया था और दावा किया था कि इससे देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी चिदंबरम की टिप्पणी से जुड़ा वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट किया। और लिखा, उन्हें गलत साबित करने के 10 साल पूरे हुए। चिदंबरम ने गोलगप्पे बेचने वालों का मजाक उड़ाया था।

आधारशिला मनमोहन सिंह ने ही रखी: कांग्रेस

वहीं, कांग्रेस ने पलटवार करते हुए दावा किया कि आज भारत का डिजिटल भुगतान ढांचा जिस बुनियाद पर खड़ा है, उसकी



आधारशिला पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने ही रखी थी। कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा ने कहा, और सबसे जरूरी बात, आइए उन छोटी सोच वाले और श्रेय लेने के भूखे लोगों को नजरअंदाज करें, जो काम तो बहुत कम करते हैं, लेकिन बातें बहुत ज्यादा करते हैं-भले ही वे 'टेलीप्रॉम्प्टर' की मदद से ऐसा करते हों।

ओबीसी क्रीमी लेयर पर विशेष पीठ गठित करेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- 958 उम्मीदवारों के सर्विस आवंटन पर फंसा है पेंच
- कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने अदालत से की है मांग
- कोर्ट ने कहा था किसी उम्मीदवार को माता-पिता के आधार पर क्रीमी लेयर में नहीं रखा जा सकता

सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को एक स्पेशल बेंच बनाने पर विचार करने के लिए सहमत हो गया। यह बेंच केंद्र की उस याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2025 के उम्मीदवारों पर ओबीसी क्रीमी-लेयर क्राइटेरिया संबंधी 11 मार्च के फैसले के लागू होने पर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) अब सरकार को निर्देश देने की मांग कर रहा है ताकि वह यूपीएससी द्वारा सीएसई-2025 के लिए अनुशंसित 958 उम्मीदवारों के सेवा आवंटन की प्रक्रिया आगे बढ़ा सके। यह प्रक्रिया 11 मार्च के फैसले से पहले लागू ओबीसी क्रीमी-लेयर निर्धारण के आधार पर होनी है। दिन की कार्यवाही की शुरुआत में केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच को बताया कि डीओपीटी ने एक निपटाए जा चुके मामले में जरूरी निर्देशों के लिए मिसलेनियस एप्लीकेशन दायर की है। इसे जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने लिस्ट किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील हेगड़े ने कहा कि जस्टिस नरसिम्हा और आर. महादेवन की बेंच ने 11 मार्च को आदेश पारित किया था, इसलिए इसी बेंच को सुनवाई करनी चाहिए। सीजेआई ने कहा कि हमें एक विशेष बेंच बनानी होगी।' उन्होंने बताया कि वे जजों से बात कर बेंच का गठन करेंगे।

दिल्ली हाई कोर्ट ने वैवाहिक विवाद पर की टिप्पणी

वक्त रहते सुलझाएं झगड़े वरना जीवनसाथी बन सकता जी का जंजाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैवाहिक रिश्ते को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि शादी एक विरोधाभासी रिश्ता है। अगर पति-पत्नी अपने बीच के विवादों को सही वक्त पर नहीं सुलझाते, तो उनका बेहतर जीवनसाथी ही जी का जंजाल बन जाता है।

जस्टिस विमल कुमार यादव की सिंगल बेंच ने एक शख्स की क्रिमिनल अपील मंजूर करते हुए यह टिप्पणी की है। इस मामले में निचली अदालत ने पति को अपनी पत्नी के मुंह में बेगॉन स्प्रे डालकर जान से मारने की कोशिश करने का दोषी ठहराया था। निचली अदालत ने उसे तीन साल जेल की सजा सुनाई थी। हाई कोर्ट ने सबूतों की कमी के आधार पर पति को सभी आरोपों से पूरी तरह बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि इंसान के सबसे खूबसूरत रिश्तों में शुमार शादी का बंधन अगर बिगड़ने लगे, तो वह सबसे डरावना रूप ले लेता है।

शादी की नींव विश्वास और आपसी भरोसे पर टिकी

जस्टिस विमल कुमार यादव ने अपने फैसले में कहा कि शादी की नींव विश्वास और आपसी भरोसे पर टिकी होती है। जब दोनों पार्टनर एक-दूसरे के साथ सुरक्षित महसूस करते हैं, तभी यह रिश्ता टिकता है। अगर इस बंधन में दरार आने लगे, तो यह सिर्फ दो लोगों को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देती है।

रिश्तों के मामले में देरी करना कभी-कभी उल्टा असर भी डाल सकता है

कोर्ट ने कहा कि समय बड़े से बड़े घाव को भर देता है। रिश्तों के मामले में देरी करना कभी-कभी उल्टा असर भी डाल सकता है। अगर विवादों को सही समय पर नहीं संभाला गया, तो हालात पूरी तरह अनियंत्रित हो जाते हैं। कोर्ट ने इस बात पर भी चिंता जताई कि आज के दौर में पति-पत्नी के बीच ऐसी हिंसक घटनाएं देखने को मिल रही हैं, जिनकी कुछ दशक पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था।

पत्नी को कीटनाशक पिलाने का मामला

यह पूरा विवाद नफे सिंह और उसकी पत्नी के बीच साल 2000 में हुई शादी के बाद शुरू हुआ था। शादी के महज एक साल के भीतर ही दोनों के रिश्ते काफी खराब हो गए थे। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि साल 2001 में झगड़े के दौरान पति ने पहले पत्नी को गिलास में बेगॉन कीटनाशक पिलाने की कोशिश की। जब पत्नी ने पीने से इनकार कर दिया, तब पति ने सीधे डिब्बे से उसके गले में कीटनाशक उड़ेल दिया।

चिंतन

अनियोजित विकास बना महानगरों की चुनौती

बड़े शहर देश में विकास के इंजन माने जाते हैं, लेकिन यही महानगर और बड़े शहर आज अनियोजित विकास का खामियाजा भुगत रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर से लेकर मुंबई, चेन्नई, रायपुर, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर से असम तक बारिश ने शहरी व्यवस्था की कमजोरियां उजागर कर दी हैं। कुछ घंटों की बारिश में सड़कें तालाब बन जाती हैं, यातायात ठप हो जाता है, घरों और बाजारों में पानी घुस जाता है। कहीं स्कूल बंद करने पड़ते हैं तो कहीं कंपनियां कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह देती हैं। सवाल यह है कि हर साल बारिश से पहले तैयारी के दावे होने के बावजूद हालात सुधर क्यों नहीं रहे? असल समस्या बारिश नहीं, बल्कि बिना भविष्य की जरूरतों का आकलन किए किया गया विकास है। शहरों का विस्तार तेजी से हुआ, लेकिन उसके अनुरूप सीवरेज, ड्रेनेज, जल निकासी, कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक परिवहन का विस्तार नहीं हो पाया। कंक्रीट का जंगल बढ़ता गया और जमीन की पानी सोखने की क्षमता घटती गई। प्राकृतिक नाले, तालाब और जलाशय या तो अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए या निर्माण के बीच दब गए। नतीजा यह है कि कच्ची जमीन नहीं मिलने से बारिश का पानी अपने स्वाभाविक रास्ते तलाशने के बजाय सड़कों पर जमा होने लगा है। महानगरों की दूसरी बड़ी चुनौती यातायात और प्रदूषण है। सीमित सड़कें, बढ़ती आबादी और निजी वाहनों की संख्या ने जाम को रोजमर्रा की समस्या बना दिया है। बारिश के दौरान जलभराव के कारण स्थिति और विकराल हो जाती है। दुर्भाग्य यह है कि शहरी विकास अक्सर दीर्घकालिक योजना के बजाय तात्कालिक राजनीतिक और प्रशासनिक जरूरतों से संचालित होता है। नई सड़क बना देना या किसी क्षेत्र में निर्माण की अनुमति दे देना आसान है, लेकिन उसके साथ जल निकासी, पार्किंग, सीवरेज, सार्वजनिक परिवहन और पर्यावरणीय संतुलन की व्यवस्था करना कठिन और महंगा है। इसी कठिन काम से बचने का परिणाम आज जनता भुगत रही है। अब शहरों को केवल 'स्मार्ट' बनाने की घोषणाओं से आगे बढ़कर सस्टेनेबल और रेजिलिएंट बनाने की जरूरत है। प्रत्येक शहर के लिए वैज्ञानिक मास्टर प्लान तैयार हो और उसका पालन राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर सुनिश्चित किया जाए। कम से कम अगले 50 वर्षों की आबादी, जल जरूरत, यातायात, जल निकासी और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखकर योजना तैयार की जाए। जल निकायों और प्राकृतिक नालों को अतिक्रमण से मुक्त कराना भी प्राथमिकता होनी चाहिए। शहरों में अधिक से अधिक खुले और हरित क्षेत्र बनाए जाएं, ताकि बारिश का पानी जमीन में जा सके। पुराने ड्रेनेज सिस्टम की क्षमता बढ़ाने के साथ उसकी नियमित सफाई और निगरानी हो। केवल बारिश आने से पहले नालों की औपचारिक सफाई पर्याप्त नहीं है। महानगरों की मौजूदा स्थिति चेतावनी है कि विकास की रफ्तार से ज्यादा जरूरी उसकी दिशा है। यदि शहरों का विस्तार इसी तरह बिना दूरदर्शिता के होता रहा तो आने वाले वर्षों में जलभराव, जाम, प्रदूषण, पानी की कमी और कचरा प्रबंधन जैसी समस्याएं और गंभीर होंगी। सरकारों को अब घटनाओं के बाद राहत देने की बजाय घटनाओं को रोकने की नीति अपनानी होगी। शहर केवल इमारतों, फ्लाईओवर और चौड़ी सड़कों से नहीं बनते; वे पानी, हवा, हरियाली, परिवहन और नागरिक सुविधाओं के संतुलन से बनते हैं। भविष्य के शहरों की नींव आज रखनी होगी, वरना विकास ही महानगरों के लिए सबसे बड़ी समस्या बन जाएगा।

किराए के खातों से पनपता साइबर अपराध

मुद्दा
सतीश सिंह

साइबर अपराधी ठगी के लिए किराए के खाते का इस्तेमाल करते हैं, ताकि उनकी पहचान छिपी रहे। ऐसे किराए के खातों को 'म्यूल खाता' कहा जाता है। आज निवेश, डिजिटल गिरफ्तारी, ऑनलाइन नौकरी, पार्सल, ऋण, गेमिंग और फर्जी कारोबारी योजनाओं से जुड़ी ठगी में म्यूल खाते अपराधियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हथियार होते हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र यानी आई4सी के अनुसार 30 जून, 2026 तक 32.08 लाख म्यूल खातों की जानकारी संबंधित संस्थाओं से साझा की गई, और कई मामलों में समय पर सूचना मिलने के कारण 25,698 करोड़ रुपये के अवैध लेन-देन पर रोक लगाने में सफलता मिली। 'म्यूल' का सामान्य अर्थ भार उठाने वाले खच्चर से है।

डिजिटल भुगतान ने बैंकिंग को तेज, सुविधाजनक और सर्वसुलभ बनाया है, लेकिन इसके साथ वित्तीय अपराध के तरीके भी बदल गए हैं। साइबर अपराधी ठगी के लिए किराए के खाते का इस्तेमाल करते हैं, ताकि उनकी पहचान छिपी रहे। ऐसे किराए के खातों को 'म्यूल खाता' कहा जाता है। आज निवेश, डिजिटल गिरफ्तारी, ऑनलाइन नौकरी, पार्सल, ऋण, गेमिंग और फर्जी कारोबारी योजनाओं से जुड़ी ठगी में म्यूल खाते अपराधियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हथियार होते हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र यानी आई4सी के अनुसार 30 जून, 2026 तक 32.08 लाख म्यूल खातों की जानकारी संबंधित संस्थाओं से साझा की गई, और कई मामलों में समय पर सूचना मिलने के कारण 25,698 करोड़ रुपये के अवैध लेन-देन पर रोक लगाने में सफलता मिली। 'म्यूल' का सामान्य अर्थ भार उठाने वाले खच्चर से है। इसी से बना 'मनी म्यूल' शब्द उस व्यक्ति के लिए प्रयोग होता है, जो अपने बैंक खाते में जमा अवैध धन को देश और दुनिया के किसी भी कोने में पहुंचाने का माध्यम बनता है। आम तौर पर ऐसे किराए के खाते में जमा अवैध पैसे दूसरे खाते या डिजिटल वॉलेट, या आभासी मुद्रा के रूप (डिजिटल या क्रिप्टोकरेंसी) में परिवर्तित किए जाते हैं।

दरअसल, कुछ लोग कमीशन या थोड़े से पैसे के लालच में अपना खाता, एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड, यूपीआई पहचान और इंटरनेट बैंकिंग संबंधी विवरण अपराधियों को सौंप देते हैं। वहीं, कुछ बेरोजगार युवाओं, विद्यार्थियों, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों और छोटे कारोबारियों को नौकरी, ऋण या निवेश का झांसा देकर फंसाया जाता है, जबकि कुछ व्यक्तियों के दस्तावेज चोरी कर या गलत तरीके से हासिल करके उनके नाम से खाते खोल दिए जाते हैं। यानी कि कोई जानबूझकर अपराध में सहयोग करता है, तो कोई अनजाने में उसका हिस्सा बन जाता है। म्यूल खातों की बढ़ती संख्या का पहला कारण डिजिटल लेनदेन का अभूतपूर्व विस्तार है। तत्काल भुगतान की सुविधा से वैध कारोबार आसान हुआ है, लेकिन अपराधियों को भी कुछ ही मिनटों में रकम कई खातों में हस्तांतरित करने का अवसर मिल गया है। ठगी की रकम अक्सर एक खाते में लंबे समय तक नहीं रखी जाती। कई बार अवैध पैसे को हवाला के माध्यम से वैध बनाने के बाद कोई तीसरा या चौथा व्यक्ति अपने खाते से नकद निकासी भी करता है, या फिर ऐसे अवैध पैसे को आभासी मुद्राओं में तब्दील कर दिया जाता है। दूसरा कारण संगठित साइबर अपराध है। अब बैंक खातों को हड़पने, बेचने और किराए पर देने वाला पूरा अवैध तंत्र सक्रिय है। सोशल मीडिया पर 'घर बैठे कमाई', 'खाता उपलब्ध कराने पर कमीशन' और 'भुगतान संग्रह एजेंट' जैसे प्रस्ताव देकर लोगों को अपराधिक गिरोह में जोड़ा जाता है। बेरोजगारी, आसान आय की चाह और वित्तीय जागरूकता की कमी अपराधियों के लिए उर्वर जमीन तैयार करती हैं। तीसरा कारण दूरस्थ और त्वरित खाता खोलने की सुविधा का दुरुपयोग है। डिजिटल केवाईसी ने बैंकिंग पहुंच बढ़ाई है, लेकिन यदि पहचान की जांच केवल औपचारिकता बन जाए, तो जाली दस्तावेज, गलत पता या किसी अन्य व्यक्ति के मोबाइल नंबर के सहारे खाते खोले जा सकते

हैं। निष्क्रिय खातों को अचानक सक्रिय करना और छोटी कारोबारी इकाइयों के खातों में असामान्य लेनदेन करना भी अपराधियों की रणनीति का हिस्सा है। सबसे बड़ी चुनौती अवैध धन की बढ़ती रफ्तार है। शिकायत दर्ज होने तक रकम कई खातों में पहुंच चुकी होती है। दूसरी चुनौती यह है कि हर असामान्य लेनदेन अपराध नहीं होता। किसी छोटे व्यापारी, विवाह आयोजक या मौसमी कारोबारी के खाते में अचानक अधिक लेनदेन होना स्वाभाविक भी हो सकता है। केवल लेनदेन की संख्या या राशि के आधार पर खाता रोकने से निर्दोष ग्राहक परेशान हो सकते हैं। इसलिए, मामले में तकनीकी संकेतों के साथ मानवीय जांच भी जरूरी है। तीसरी चुनौती गलत तरीके से बंद या फ्रीज किए गए खातों की है। यदि किसी निर्दोष खाताधारक के खाते में अनजाने में संदिग्ध रकम आ जाए और उसका पूरा खाता लंबे समय के लिए फ्रीज दिया जाए, तो उसकी आजीविका प्रभावित हो सकती है। लिहाजा, अपराध पर कार्रवाई और ईमानदार ग्राहक के अधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। सबसे पहले खाता खोलते समय पहचान की गुणवत्तापूर्ण जांच होनी चाहिए। केवल दस्तावेज प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है। मोबाइल नंबर, पता, पेशा, आय के स्रोत और खाते के घोषित उद्देश्य में सामंजस्य भी देखा जाना चाहिए। एक ही पते, उपकरण या मोबाइल नंबर से अखातों के खुलने पर अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। दूसरा, खाते के व्यवहार की निरंतर निगरानी आवश्यक है। किसी नए या लंबे समय से निष्क्रिय खाते में अचानक बड़ी संख्या में रकम आना, धन प्राप्त होते ही अनेक खातों में भेज देना, असामान्य समय पर लगातार लेनदेन और प्राप्त रकम को तुरंत नकद निकालना म्यूल गतिविधि के संकेत हो सकते हैं। तीसरा, संदिग्ध खाते से जुड़े लाभार्थियों के खातों, यूपीआई पहचान, मोबाइल नंबर, उपकरण और इंटरनेट पते की भी पड़ताल की जानी चाहिए। इससे अपराध की पूरी श्रृंखला का पता चल सकता है। आई4सी की संदिग्ध रजिस्ट्री, वित्तीय खुफिया इकाई और बैंकों के बीच रियल टाइम में सूचनाओं का आदान-प्रदान इस दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। रिजर्व बैंक के नवोन्मेष केंद्र द्वारा विकसित कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित 'म्यूलहंटर डॉट एआई' संदिग्ध खातों की पहचान में उपयोगी पहल है। यह व्यवस्था 26 बैंकों में सक्रिय है और इसका दायरा बढ़ाया जा रहा है। फिर भी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता को अंतिम निर्णायक नहीं बनाया जाना चाहिए। मामले में प्रशिक्षित अधिकारीयों का हस्तक्षेप आवश्यक है।

म्यूल खातों की रोकथाम में बैंक पहली रक्षा-पंक्ति हैं। उन्हें केवाईसी को एक बार की प्रक्रिया मानने के बजाय ग्राहक की जोखिम-स्थिति के अनुरूप समय-समय पर अद्यतन करना चाहिए। खातों की निगरानी के लिए ऐसी प्रणाली विकसित करनी चाहिए, जो लेनदेन के पूरे नेटवर्क और धन के प्रवाह को समझ सके। रिजर्व बैंक के केवाईसी निर्देश बैंकों से मनी म्यूल के रूप में संचालित खातों की सावधानीपूर्वक निगरानी, उचित कार्रवाई और संदिग्ध लेनदेन की सूचना वित्तीय खुफिया इकाई-भारत को देने की अपेक्षा करते हैं। इसका प्रभावी अनुपालन शाखा स्तर से लेकर केंद्रीय निगरानी इकाई तक किया जाना चाहिए। बैंकों को अपने कर्मचारियों, कारोबारी प्रतिनिधियों और ग्राहकों को नियमित प्रशिक्षण भी देना होगा। साथ ही, आम लोगों को समझना होगा कि बैंक खाता निजी वित्तीय पहचान है, किराए पर देने वाली वस्तु नहीं। जिस दिन संदिग्ध धन को स्थानांतरित करने के लिए खाते उपलब्ध होना कठिन हो जाएगा, उसी दिन साइबर ठगों की कमर टूट जायेगी। अस्तु,सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग की जिम्मेदारी बैंक, सरकार और ग्राहक- तीनों की साझा जिम्मेदारी है।

(लेखक आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नवाचार

बलकार सिंह पूनियां

सारथी से स्वामी : भारत टैक्सी की सहकारी क्रांति

भारत के तेजी से बदलते शहरी परिदृश्य में परिवहन अब केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का साधन नहीं रह गया है। यह रोजगार, आजीविका, आर्थिक अवसर, सामाजिक समावेशन और जीवन की गुणवत्ता से सीधे जुड़ा हुआ क्षेत्र बन चुका है। उपलब्ध सामग्री के अनुसार, भारत टैक्सी की स्थापना 6 जून 2025 को बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आठ राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्थाओं के सहयोग से हुई। भारत टैक्सी की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इसका सहकारी स्वामित्व मॉडल है। सामान्य प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था में ड्राइवर प्रायः सेवा देने वाला व्यक्ति होता है, जबकि प्लेटफॉर्म का स्वामित्व और निर्णय लेने की शक्ति अलग संस्था के पास रहती है। भारत टैक्सी इस संबंध को बदलने का प्रयास करती है। यहां ड्राइवर को केवल चालक नहीं, बल्कि 'सारथी' और सदस्य-मालिक के रूप में देखने की अवधारणा सामने आती है। जो व्यक्ति अपने श्रम, समय और सेवा से प्लेटफॉर्म का मूल्य तैयार करता है, उसे उसके स्वामित्व और निर्णय-प्रक्रिया में भागीदारी मिलनी चाहिए-यही इस मॉडल की मूल भावना है। शेयर पूंजी के माध्यम से सारथियों को सदस्य बनने और शासन में भाग लेने का अवसर तथा निदेशक मंडल में उनका प्रतिनिधित्व इस व्यवस्था को सहभागी स्वरूप प्रदान करता है। यही वह बिंदु है, जहां भारत टैक्सी केवल परिवहन सेवा नहीं रह जाती, बल्कि आर्थिक लोकतंत्र के प्रयोगके रूप में दिखाई देती है। 'सारथी ही स्वामी' की सोच श्रम को केवल आय अर्जित करने का माध्यम न मानकर उसे स्वामित्व से जोड़ती है। यदि प्लेटफॉर्म की सफलता में चालक की भूमिका केंद्रीय है तो उसके आर्थिक लाभ और निर्णय प्रक्रिया में उसकी हिस्सेदारी भी महत्वपूर्ण होनी चाहिए। सहकारिता का यही दर्शन भारत टैक्सी को पारंपरिक डिजिटल प्लेटफॉर्म मॉडल से अलग पहचान देता है। इस मॉडल का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष शून्य-कमीशन और सर्ज-फ्री किराया है। भारत टैक्सी पारदर्शी किराया व्यवस्था पर जोर देती है और मांग बढ़ने के समय अचानक किराया बढ़ाने की व्यवस्था से अलग मॉडल प्रस्तुत करती है। इसका उद्देश्य यात्रियों के लिए किराये में पारदर्शिता और सारथियों के लिए आर्थिक भागीदारी को मजबूत करना है। यदि तकनीकी प्लेटफॉर्म से पैदा होने वाले आर्थिक मूल्य का बड़ा हिस्सा सेवा प्रदाताओं तक पहुंचता है, तो यह डिजिटल अर्थव्यवस्था में अधिक न्यायसंगत भागीदारी की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयोग बन सकता है। भारत टैक्सी का महत्व केवल ड्राइवरों की आर्थिक स्थिति तक सीमित नहीं है। यहसमावेशी शहरी गतिशीलता की दिशा में भी संभावनाएं पैदा करता है। बाइक टैक्सी, ऑटो रिक्शा, इकोनॉमी कैब, प्रीमियम सेडान, एक्सएल कैब, किराया, आउट-स्टेशन और अनुसूचित सवारी जैसी सेवाएं अलग-अलग वर्गों और यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करती हैं। पारदर्शी किराया व्यवस्था यात्रियों को यात्रा से पहले संभावित खर्च समझने में सहायता करती है। 'सारथी दीदी' के माध्यम से महिला यात्रियों को महिला ड्राइवर चुनने का विकल्प तथा 'बाइक दीदी' के माध्यम से महिलाओं की परिवहन क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया गया है। उपलब्ध सामग्री के अनुसार, फरवरी 2026 तक 150 से अधिक महिला ड्राइवर इस पहल से जुड़ चुकी थीं। यह केवल सुरक्षित यात्रा का प्रश्न नहीं है; यह महिलाओं को आर्थिक अवसर और आजीविका से जोड़ने का प्रयास भी है। किसी भी डिजिटल परिवहन सेवा की सफलता के लिए सुरक्षा और विश्वसनीयता अत्यंत आवश्यक हैं। वास्तव में, विकसित भारत 2047 का निर्माण केवल बड़े आर्थिक आंकड़ों से नहीं होगा। इसके लिए ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता होगी, जिसमें तकनीक अवसर पैदा करे, श्रमिक स्वामित्व और सम्मान प्राप्त करें, महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में अधिक भागीदारी करें और सामाजिक सुरक्षा विकास का अभिन्न हिस्सा बने। भारत टैक्सी इसी व्यापक सोच में 'सहकार से समृद्धि' को शहरी परिवहन के क्षेत्र में व्यवहार में उतारने का एक महत्वपूर्ण प्रयोग बन सकती है। अंततः, भारत टैक्सी को केवल एक नई कैब सेवा के रूप में देखना इसके व्यापक महत्व को सीमित करना होगा। यह तकनीक, सहकारिता, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकासको एक साझा मंच पर लाने का प्रयास है। यदि 'सारथी से स्वामी' की अवधारणा व्यवहार में मजबूत होती है और सहकारी स्वामित्व तथा डिजिटल नवाचार के बीच संतुलन कायम रहता है, तो भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था के लिए एक अधिक सहभागी और जन-केंद्रित विकल्प प्रस्तुत कर सकती है।

(लेखक इग्नू, नई दिल्ली में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

गलतफहमी बुद्धि पर डाल देती है पर्दा

संकलित
दर्शन

विद्वानों के मतानुसार गलतफहमी मनुष्य की बुद्धि पर पर्दा डाल देती है, उसकी आंखों पर पट्टी बांध देती है और उसकी वृत्ति को ही बदल देती है। वो मनुष्य के नैतिक मूल्यों को एक मिनट में वैसे ही जला देती है जैसे कि आग की चिंगारी सूखी घास को दो मिनट में भस्मीभूत कर देती है। किसी ने सही कहा है कि 'गलतफहमी का एक पल इतना जहरीला होता है, जो प्यार भरे सौ लम्हों को भी वह एक क्षण में भुला देता है।' आज समस्त विश्व में जो झगड़े, अनबन, मन मुटाव, तनाव, संबंधों में कटुता तथा स्नेह और सहयोग में अभाव दिखाई देता है, उसका एक कारण व्यक्तियों, संगठनों, संप्रदायों, दलों या देशों में परस्पर गलतफहमी ही तो है। गलतफहमी से जब पारस्परिक संबंध बिगड़ जाते हैं तो बात फिर बिगड़ती ही चली जाती हैऔर इसीलिए ही अगर समझदारी पूर्वक गलतफहमी को दूर न किया जाए, तो यह उस अमर बेल की तरह है जो वृक्ष पर बढ़ती ही चली जाती है और वृक्ष की सारी शक्ति को हड़प लेती है। यह वो बला है जो न केवल मनुष्य की मानसिक शक्ति, शांति और खुशी को हड़प लेती है अपितु वह उसे इस कद्र थका देती है कि उसे अपने किसी कार्य से इतनी थकावट नहीं होती जितनी कि परस्पर गलतफहमी से होने वाले परिणामों के कारण बने हुए वातावरण से होती है। अतः गलतफहमी को दूर करना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसके बने रहने से कई लोगों में बीमारियां पैदा हो जाती हैं और उनके लिए जीना भी कठिन हो जाता है।

परिणाम की अपेक्षा ही दुख का स्रोत

संकलित
प्रेरणा

जब आपके हाथों कोई अच्छा काम हो जाए, तो खुद को याद दिलाएं कि यह परमात्मा ही है, जिसने आपको ऐसी परिस्थिति में रखा, जहां आपको अच्छा काम करने का अवसर मिला। कहा गया है 'दाता को आभारी होना चाहिए' जब कोई कुछ देता है और उसे स्वीकार कर लिया जाता है, तो देने वाले को आभारी होना चाहिए। अच्छे काम से परिणाम की अपेक्षा ही दुख का स्रोत है। विचार यह होना चाहिए कि मुझे दाता की भूमिका दी गई है, यह अपने आप में एक महान आशीर्वाद है। बुरे कामों का पछतावा तो स्वाभाविक है, लेकिन कई बार आपके अच्छे कर्म भी आपको दुखी कर सकते हैं। अच्छे कर्म स्वतः ही आपका उद्धार नहीं कर देते। आपकी नीयत, लगाव, अपेक्षाएं, अहंकार और कर्म करते समय आपके मन की स्थिति ही यह तय करती है कि वह कर्म आपके लिए सुख लाएगा या दुख। जब आप दान-पुण्य करते हैं, तब कई बार आपको लग सकता है कि आपके अच्छे कामों पर किसी का ध्यान ही नहीं गया। मैंने इतने बेहतरीन काम किए, लेकिन किसी ने उनकी सराहना नहीं की। उनके लिए कोई प्रशंसा नहीं मिली। यह एक आम शिकायत है। अपने अच्छे कामों के लिए पहचान और सराहना पाने की यही चाहत अकसर दुख का कारण बनती है। अच्छे काम से परिणाम की अपेक्षा ही दुख का स्रोत- नारद भक्ति सूत्र में देवर्षि नारद न केवल कर्मों की भागदौड़ से, बल्कि उन कर्मों के फल की अपेक्षा से भी विराम लेने की सलाह देते हैं।

अंतर्मन

आज की पाती

देवस्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित न करें

सरकार हमारे देवस्थलों को पर्यटन के नाम पर विकसित करने के बजाय, केवल पर्यटन स्थलों को इस तर्ज पर विकसित करे। देवस्थलों व लोगों की आस्था से जुड़ी इन जगहों से छेड़छाड़ नहीं की जाए। ये स्थान लोगों की आस्था के प्रतीक हैं, जो लाखों सालों से हम सबकी रक्षा करते आए हैं। हमारे देवस्थान कोई पर्यटक स्थल नहीं हैं, बल्कि लोग यहां अपने व अपने स्वजनों की कुशलता के लिए और अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए प्रार्थना करने के लिए आते हैं। यहां पहुंचने के लिए हमें सड़के नहीं चाहिए, होमस्टे नहीं चाहिए, होटल नहीं चाहिए, रोपवे नहीं चाहिए, पर्यटक नहीं चाहिए, बल्कि शांति चाहिए, श्रद्धालु चाहिए, आस्था चाहिए और देवी-देवताओं की कृपा चाहिए।

- सुनीता मलिक, रोहतक

करंट अफेयर

अमेरिका पहले रवैया सुधारे मुनीर को ईरान की दो-टूक

ईरान ने मध्यस्थ पाकिस्तान के सामने अमेरिका के रवैये पर सवाल उठाए हैं। तेहरान में पाकिस्तान आर्मी चीफ असीम मुनीर से मुलाकात में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि अमेरिका का तरीका चीजों को सुलझाने का नहीं है। अगर अमेरिका चाहता है कि युद्ध खत्म हो और चीजें बेहतरी की तरफ जाएं तो उसे ईरान के प्रति अपना नजरिया बदलना होगा। मसूद ने मुनीर से साफ कहा कि अमेरिका की दादागिरी से ईरान झुकने वाला नहीं है। दूसरी ओर अमेरिकी रक्षा मंत्री ने नए आर्थिक प्रतिबंधों के साथ-साथ ईरान पर सैन्य हमले का विकल्प खुला होने की बात कही है। पेजेश्कियान ने सोमवार को तेहरान में मुनीर के साथ बैठक के दौरान ये बातें कहीं हैं। मुनीर ऐसे समय में ईरानी अधिकारियों से बातचीत के लिए ईरान पहुंचे हैं, जब अमेरिका के नए आर्थिक प्रतिबंधों के चलते इलाके में तनाव बढ़ा हुआ है। अमेरिका आर्थिक हमलों से ईरान को झुकाने की बात कह रहा है। वहीं ईरान का कहना है कि वह अपनी शर्तों से पीछे हटने वाला नहीं है। अमेरिका को ईरान के साथ बातचीत में अपना लहजा और नजरिया सुधारना होगा। मसूद पेजेश्कियान ने कहा कि अमेरिका की ओर से ईरान को झुकाने की कोशिश हो रही है और धमकियां दी जा रही हैं।

ऑफ बीट

जम्मू कश्मीर की एक और पवित्र मचैल माता मंदिर की यात्रा

जम्मू-कश्मीर में इस समय पवित्र अमरनाथ यात्रा चल रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि यहां की एक और यात्रा भी बेहद लोकप्रिय मानी जाती है, जिसका नाम है मचैल माता यात्रा। कहते हैं 32 किलोमीटर की ये पैदल यात्रा भक्तों को ऐसा दिव्य अनुभव कराती है, जिसे श्रद्धालु जीवन भर नहीं भूल पाते। मान्यता है जो कोई भी मचैल माता के दर्शन करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। मचैल माता का मंदिर जम्मू के किश्तवाड़ जिले में स्थित है। ये मंदिर देवी दुर्गा को समर्पित है। इस मंदिर का नाम मचैल गांव से ही पड़ा है, इसी कारण से लोग इसे मचैल माता मंदिर कहकर पुकारते हैं। ये मंदिर गर्मियों में खुला रहता है, लेकिन अत्यधिक बर्फबारी के समय विशेष रूप से दिसंबर, जनवरी और फरवरी में बंद कर दिया जाता है। सावन महीने में यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है, क्योंकि इस दौरान मचैल माता की छड़ी यात्रा का आयोजन किया जाता है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार एक बार एक गड़रिया अपनी भेड़ों को चराने के लिए इस स्थान पर आया था। तभी उसे एक गुफा से तेज प्रकाश आता दिखाई दिया। कहते हैं जब वह अंदर गया तो उसे वहां मां का दिव्य रूप दिखाई दिया। इसके बाद ये बात धीरे-धीरे पूरे गांव में फैल गई।



ट्रेंड

सच्ची खुशी



सच्ची खुशी करुणा, आत्म-सम्मान और संतोष से मिलती है। इसी भावना से समाज में सहयोग और सद्भाव का बंधन और भी मजबूत होता है। करुणा से आत्म-सम्मान मिलता है और संतोष से इच्छाशक्ति जागती है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

यूपीआई के दस साल

यूपीआई के दस साल बड़े बदलाव का दशक रहे हैं। डिजिटल पेमेंट की सफलता की कहानी बनने तक, यूपीआई ने हर भारतीय के लिए लेन-देन को तेज़, आसान, सुरक्षित और सुलभ बना दिया है। यह डिजिटल इंडिया की ताकत है सशक्तिकरण, समावेश और जीवन को आसान बनाने के लिए तकनीक।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

साफ़ पानी की सप्लाई

केंद्र सरकार की मदद से, दिल्ली सरकार दिल्ली के हर घर में बिना रुकावट और साफ़पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए लगातार नए प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। दिल्ली जल बोर्ड को एडीबी से 2,500 करोड़ की फंडिंग मिल रही है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

परीक्षा प्रणाली

राहुल गांधी और हेमंत सोरेन के बीच बातचीत के बाद, सरकार ने 17 अगस्त को घोषणा की थी कि परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए एक समिति बनाई जाएगी। आज 8 दिन बीत चुके हैं, लेकिन उस समिति के लिए नोटिफिकेशन का कोई अता-पता नहीं है!

- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

ईएफएल कप : चेल्सी की फुलहम पर रोमांचक जीत

एजेंसी ▶▶ लंदन

ईएफएल कप में चेल्सी ने रोमांचक मुकाबले में फुलहम पर 3-2 की जीत दर्ज की। चेल्सी की जीत में कोल पामर की भूमिका अहम रही। वहीं, चेल्सी के साथ जाबी अलोंसो के करियर की शुरुआत भी धमाकेदार अंदाज में हुई। चेल्सी के लिए जोआओ पेड्रो ने मैच के पहले मिनट में गोल किया। फुलहम की तरफ से जोश किंग ने 23वें मिनट में गोल किया और टीम को बराबरी पर ले आए।

इसके बाद चेल्सी के लिए लगातार 2 गोल हुए। मॉर्गन रोजर्स ने 41वें और कोले पामर ने 49वें वें मिनट में गोल किया। पामर के गोल के बाद चेल्सी की बढ़त 3-1 की हो गई थी। लेकिन, फुलहम की तरफ से गोंजालिजो ग्रेसिया ने 54वें मिनट में गोल कर फुलहम की वापसी की उम्मीदों को जिंदा किया। हालांकि, इसके बाद टीम की तरफ से और कोई गोल नहीं हो सका और फुलहम को चेल्सी ने 3-2 से हरा दिया।

अलोंसो के करियर की धमाकेदार शुरुआत

चेल्सी ने हासिल किए तीन पॉइंट्स

चेल्सी के लिए यह जीत बड़ी नहीं थी। लेकिन, जाबी अलोंसो और ब्लूज के फैन्स के लिए कुछ बहुत अच्छे संकेत हैं। अलोंसो के शानदार फ्रंट थी के साथ, कोल पामर का फॉर्म में वापस आना खास रहा। फुलहम दूसरे हाफ में चेल्सी के खिलाफ गेम जीतने की कोशिश में उतरा और कई बार उन्होंने अलोंसो की टीम को परेशान किया। हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली और चेल्सी तीन पॉइंट्स हासिल किए। चेल्सी का अगला मुकाबला ईएफएल कप में 27 अगस्त को ल्यूटन टाउन से होगा।

जर्मन कप : शाल्के ने हैलेशर को हराया, जेको का करिश्माई प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

जर्मन कप के पहले राउंड के मुकाबले में एडिन जेको के करिश्माई प्रदर्शन के दम पर शाल्के 04 ने हैलेशर एफसी को अतिरिक्त समय में 5-2 से हराया। एडिन जेको ने दो गोल किए और दो गोल असिस्ट किए। हाफटाइम से ठीक पहले विन कास्टुल (45वें मिनट) के गोल की मदद से हैलेशर ने बढ़त बना ली।

शाल्के ने डेजान के 62वें मिनट किए गए गोल से बराबरी की। हैलेशर के डिफेंडर बुरिम हालिली आदिल औचिचे की डिलीवरी को रोकने की कोशिश में फिसल गए, जिसके बाद डेजान लुबिसिक ने गोल कर दिया। इसके बाद कोच मिरोन मुस्लिक ने जेको और रॉबिन गोसेन्स को मैदान में उतारा, जब शाल्के ने जीत के लिए जोर लगाया। जेको ने 81वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से मेहमान टीम को आगे कर दिया।

जेको ने दागे दो गोल और दो गोल किए असिस्ट

हैलेशर ने जारी रखी लड़ाई

हैलेशर ने लड़ाई जारी रखी। गोलकीपर लोरिस केरियस ने आखिर में एक सेव किया, जिसके बाद निकोलस स्टियरलिन ने स्टॉपेज टाइम में कॉर्नर से गोल करके मैच को अतिरिक्त समय में पहुंचाया। इसके बाद जेको ने शाल्के को मैच पर नियंत्रण स्थापित करने में मदद की। उन्होंने 98वें मिनट में मूसा सिल्ला को क्रॉस देकर स्कोर 3-2 कर दिया। बोस्नियाई खिलाड़ी शाल्के के चौथे गोल में भी शामिल थे, जब सिल्ला ने अतिरिक्त समय के पहले की अवधि के आखिर में स्टॉपेज टाइम में सब्सटीट्यूट जूनियर एडमू को क्रॉस देकर गोल किया। जेको ने 117वें मिनट में गोसेन्स के पास से गोल पूरा किया। शाल्के रविवार को ऑग्सबर्ग में अपने बुंडेसलीगा कैंपेन की शुरुआत करेगा

खबर संक्षेप

साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज़ ने नई दिल्ली टाइगर्स को हराया

नई दिल्ली। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में नई दिल्ली टाइगर्स पर 5 विकेट से जीत दर्ज की। नई दिल्ली टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 168 रन बनाए, जिसमें लक्ष्य थरेजा ने 47 गेंदों में दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 62 रन बनाकर टीम को संभाला। सुपरस्टार्ज की तरफ से अंकित डबास ने चार ओवरों में 16 रन देकर दो विकेट लिए। इसके जवाब में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने 19वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। अनमोल शर्मा ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 44 गेंदों में 55 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। एकांश डोभाल ने चार छक्के और दो चौके लगाकर सिर्फ 18 गेंदों में नाबाद 38 रन बनाए। डबास ने 18वें ओवर में लगातार तीन छक्के जड़कर पांच गेंदों में 18 रन बनाए।

अहमदाबाद में 7 अक्टूबर से राष्ट्रमंडल क्यू खेल

बेंगलुरु। अहमदाबाद के सावरकर खेल परिसर में 7 से 10 अक्टूबर तक राष्ट्रमंडल क्यू खेलों (बिलियर्ड्स, स्नूकर, हेयबॉल, ब्लैकबॉल) की चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। भारतीय बिलियर्ड्स और स्नूकर महासंघ (बीएसएफआई) ने बताया कि चार दिवसीय प्रतियोगिता में करीब 46 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पुरुष और महिला वर्ग में बिलियर्ड्स, स्नूकर, हेयबॉल, 10-बॉल पूल और ब्लैकबॉल की स्पर्धाएं होंगी। चार स्पर्धाओं में प्रत्येक वर्ग में 16 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि इस साल कार्यक्रम में शामिल किए गए बिलियर्ड्स में दोनों वर्गों में आठ-आठ खिलाड़ियों का ड्रॉ होगा। चैंपियनशिप का आयोजन विश्व बिलियर्ड्स खेल महासंघ (डब्ल्यूसीबीएस) और बीएसएफआई के तत्वावधान में एपेक्स स्पोर्ट्स द्वारा किया जाएगा।

शतरंज : खिताब के करीब प्रतीति और मयंक

मुंबई। शीर्ष वरीयता प्राप्त प्रतीति बोरदोलोई और मयंक चक्रवर्ती आठवें दौर में जीत हासिल करके एशियाई जूनियर क्लासिकल शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के करीब पहुंच गए। प्रतीति ने प्रिशिता गुप्ता को हराकर अपने अंको की संख्या संभावित आठ में से सात पर पहुंचा दी है। वह अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी तुर्कमेनिस्तान की महिला कैंडिडेट मास्टर शोहरादोवा लैला से एक अंक आगे है, जिन्होंने दक्षिता कुमावत के साथ बाजी ड्रॉ खेली। उनके छह अंक हैं। कजाकिस्तान की मारिया खोल्यावको और भारत की श्राव्याश्री भीमरसेट्टी ने भी जीत दर्ज करके अपना स्कोर छह पर पहुंचा दिया है।

तीसरे दिन श्रीलंका ने 8 विकेट पर बनाए 265 रन

बारिश ने श्रीलंका को बचाया टीम इंडिया के हाथ में मैच

श्रीलंका को फॉलोऑन टालने के लिए 39 रन की जरूरत, भारत से 238 रन पीछे

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

भारतीय गेंदबाज सोनल दिनुशा की अगुवाई में श्रीलंका के पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष को खत्म करने में नाकाम रहे, जिससे बारिश और खराब रोशनी के कारण मंगलवार को दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल जल्दी खत्म होने तक श्रीलंका ने 8 विकेट पर 265 रन बना लिए थे। दिन के खेल के समापन के समय दिनुशा 85 और लाहिरु कुमारा 8 रन बनाकर क्रीज पर थे। श्रीलंका को फॉलोऑन टालने के लिए अब 39 रन और बनाने हैं। पासिंदु सूरियाबंडारा ने भी 80 रन की शानदार पारी खेली। भारत ने अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 503 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इस तरह से श्रीलंका उससे अभी 238 रन पीछे है।

सरफराज, सिराज और श्रीलंकाई बल्लेबाजों के बीच हुई जुबानी जंग

पहले सत्र के खेल के दौरान ऋषभ पंत की जगह क्षेत्ररक्षण करने आए सरफराज खान, मोहम्मद सिराज और श्रीलंकाई बल्लेबाजों के बीच हुई जुबानी जंग से यह सत्र और भी रोमांचक हो गया। प्रसिद्ध कृष्णा ने दिन के सातवें ओवर में ही अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे कामिल मिसारा (19) को विकेट के पीछे कैच करा दिया। प्रसिद्ध की तेजी से उठती गेंद को मिसारा नहीं समझ पाए। गेंद उनके बल्ले को चूमकर विकेटकीपर जुरेल के हाथों में चली गई। लेकिन सूरियाबंडारा और कामिंदु मेंडिस (32) ने भारत को लगभग दो घंटे तक विकेट से महरूम रखा। इन दोनों बल्लेबाजों ने मानव सुथार और अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सारांश जैन को हावी नहीं होने दिया।

सुथार ने की सटीक गेंदबाजी

श्रीलंका ने सुबह 2 विकेट पर 8 रन से आगे खेलना शुरू किया और पहले सत्र में 122 रन जोड़े। बारिश के कारण देर से शुरू हुए दूसरे सत्र में उसने 86 रन जोड़े और इस बीच 3 विकेट गंवाए। मानव सुथार की सटीक गेंदबाजी से भारत ने लंच के बाद श्रीलंका को शुरुआती झटका दिया। सुथार की गेंद धनंजय डी सिल्वा के बल्ले का किनारा लेकर पहली स्लिप में केएल राहुल के सुरक्षित हाथों में चली गई। लेकिन श्रीलंका को सबसे बड़ा झटका सूरियाबंडारा के आउट होने से लगा, जिन्होंने धैर्य के साथ बल्लेबाजी की। रविंद्र जडेजा ने उन्हें चकमा देकर बोल्ड किया। इसके दो रन बाद मोहम्मद सिराज (33 रन पर एक विकेट) ने लेग साइड से डाली गई एक साधारण सी गेंद पर निरोशन डिकवेला (शून्य) को आउट कर दिया।

दिनुशा ने खेली लगातार अर्धशतकीय पारी

चाय के विश्राम के समय 7 विकेट पर 216 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए श्रीलंका के जल्दी सिमटने के आसार दिख रहे थे। दिनुशा ने हालांकि लगातार तीसरी पारी में 50 से अधिक रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों को परेशान किया और दो सत्र तक उन्हें विकेट के लिए तरसाए रखा। छोटे कद के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शानदार जुझारूपन और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रसिद्ध कृष्णा (47 रन पर 3 विकेट) ने उनके खिलाफ शॉर्ट गेंदों और पैरों को निशाना बनाती गेंदों का इस्तेमाल किया, जबकि मानव सुथार (83 रन पर 3 विकेट), रविंद्र जडेजा (45 रन पर 1 विकेट) और सारांश जैन ने स्पिन के जरिए उन्हें परेशान करने की कोशिश की।

यूएस ओपन

प्रदर्शनी मैच से फेडरर की वापसी

न्यूयॉर्क। अपने जमाने के दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर अमेरिकी ओपन में प्रदर्शनी मैच के जरिए खेल में वापसी करेंगे लेकिन उनकी पेशेवर टेनिस में किसी तरह की दिलचस्पी नहीं है। खेल में अपने चरम प्रभुत्व के दौरान लगातार पांच बार अमेरिकी ओपन जीतने वाला यह खिलाड़ी 2019 के बाद पहली बार आर्थर ऐश स्टेडियम में फिर से खेलने के लिए तैयार है।

फेडरर ने 2021 में विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में मिली हार के संदर्भ में कहा, 'मैंने शायद विंबलडन में (ह्यूबर्ट) हुरकाज़ के खिलाफ खेले गए मैच के बाद से कोई एकल मैच नहीं खेला है, इसलिए लगभग पांच साल हो गए हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि कल क्या होगा। इसलिए बहुत अनिश्चितता है, लेकिन इस बात की बहुत खुशी भी है कि मैं आर्थर ऐश में लौट रहा हूं।

पहले दौर में सबालेंका और जोकोविच हारे

कैटरीना सिनियाकोवा तथा हेनरी पैटन की जोड़ी से 1-4, 4-2 (10-2) से हारे

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

एरिना सबालेंका और नोवाक जोकोविच को अब अपने-अपने वर्ग में एक और अमेरिकी ओपन एकल खिताब जीतने की उम्मीद करनी होगी क्योंकि मंगलवार को मिश्रित युगल के पहले दौर में उन्हें टेनिस के शीर्ष दो

युगल खिलाड़ियों से हार का सामना करना पड़ा। सबालेंका और जोकोविच ने अच्छी शुरुआत की लेकिन बढ़त कायम नहीं रख सके और कैटरीना सिनियाकोवा तथा हेनरी पैटन की जोड़ी से 1-4, 4-2 (10-2) से हार गए। महिला युगल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सिनियाकोवा ने जोकोविच की सर्विस पर मैच प्वाइंट के दौरान ऐस लगाकर मुकाबला समाप्त किया।



टियाफो ने मिश्रित युगल से नाम लिया वापस

राउटलिफ ने गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ मिलकर पिछले साल यूएस ओपन महिला युगल खिताब के लिए सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड को हराया था। उन्होंने 2023 में भी चैंपियनशिप जीती थी। सबालेंका और जोकोविच का मुकाबला लेयला फर्नांडीज और फ्रांसेस टियाफो से होना था। लेकिन टियाफो ने रविवार को सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में आर्थर फिल्स से हारने के बाद सोमवार को मिश्रित युगल से नाम वापस ले लिया, जिससे क्वालीफाइंग में हारने वाली टीम को यह जगह मिल गई।

पंचकूला में 14वीं इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-2026

हरियाणा के खिलाड़ियों ने दो गोल्ड समेत 6 पदक कब्जाए

देशभर से आए 860 एथलीट कर रहे प्रतिभा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंचकूला के सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 14वीं इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसमें देश भर से आए लगभग 860 एथलीट ट्रैक एंड फील्ड पर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन हरियाणा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 6 पदक (2 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य) अपने नाम किए। प्रतियोगिता का उद्घाटन रविन्द्र चौधरी (पूर्व महासचिव एएफआई), दिलबाग सिंह (अध्यक्ष एथलेटिक्स हरियाणा) और राजबीर रंगा (जिला खेल अधिकारी पंचकूला) ने किया गया। मीडिया प्रभारी खेल सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के कोने-कोने से पहुंचे धावक अपने-अपने राज्य की शान बढ़ा रहे हैं। आयोजन सचिव राजकुमार मिटान ने कहा कि हरियाणा खेल विभाग द्वारा हाई-जंप और पोल-वॉल्ट की नई अंतरराष्ट्रीय पिट समेत सभी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे खिलाड़ियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिल रही है। इस अवसर पर जितेन्द्र बांगड, यशपाल चोपड़ा, कुलदीप सिंह, सतीश पंघाल, परवीन कुमार, विकास गहलावत, जसवंत सिवाच और प्रदीप मलिक (महासचिव एथलेटिक्स हरियाणा) समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रदेश के खिलाड़ियों के ये रहे परिणाम

- ▶▶ महिला डिस्कस थ्रो में सुनीता ने पहला स्थान हासिल किया।
- ▶▶ महिला 5000 मीटर दौड़ में भारती (सोनीपत) को पहला स्थान।
- ▶▶ पुरुष 800 मीटर दौड़ में संकेत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- ▶▶ महिला हाई जंप में जोनिका पहल ने द्वितीय स्थान हासिल किया।
- ▶▶ पुरुष 5000 मीटर दौड़ में अमन कुमार तृतीय स्थान पर रहे।
- ▶▶ पुरुष हैमर थ्रो में नितिन मलिक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जयसूर्या को आईसीसी ने लगाई फटकार

दुबई। श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या को कोलंबो में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई और उनके खाते में एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया। आईसीसी ने कहा कि जयसूर्या को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या पोशाक को नुकसान पहुंचाने से जुड़ा है। आईसीसी ने कहा कि इस खिलाड़ी का पिछले 24 महीने यह पहला अपराध था।

प्रज्ञानानंदा की कीमर पर 19-9 से शानदार जीत

एजेंसी ▶▶ सेंट लुई

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने जर्मनी के विंसेंट कीमर पर 19-9 की शानदार जीत हासिल करके आसानी से ग्रैंड शतरंज टूर (जीसीटी) के अंतिम चरण के फाइनल में जगह बनाई। प्रज्ञानानंदा का फाइनल में मुकाबला खिताब के प्रबल दावेदार और मौजूदा चैंपियन अमेरिका के फैबियानो कारुआना से होगा।

भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा क्लासिकल गेम जीतने के बाद अंतिम दिन से पहले छह अंकों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली थी। उन्होंने लगातार दो रैपिड मुकाबलों में कीमर को हराकर 17-3 की अजेय बढ़त हासिल करके फाइनल में अपनी जगह पक्की कर दी। इसके बाद ब्लिट्ज के पहले गेम में एक और जीत ने उनके अंकों की संख्या 19 तक पहुंचा दी। कीमर ने आखिरी तीन ब्लिट्ज गेम जीतकर वापसी की, लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हुआ।

ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद 27वें नंबर पर पहुंची भारतीय जोड़ी

वर्ल्ड रैंकिंग में त्रिसा और गायत्री ने लगाई 12 पायदान की छलांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल में हुए बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद भारतीय महिला डबल्स जोड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने वर्ल्ड रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। भारतीय जोड़ी रैंकिंग ने 12 स्थान ऊपर चढ़ गईं। चोट के कारण ब्रेक के बाद वापसी करते हुए भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 16 और क्वार्टर फ़ाइनल में दो सीडेड जोड़ियों को हराया, लेकिन सेमीफ़ाइनल में उन्हें चीन की दुनिया की नंबर एक जोड़ी लियू शेंग शू और टैन निंग से हार का सामना करना पड़ा। उनके शानदार प्रदर्शन ने इस बड़े टूर्नामेंट में महिला डबल्स मेडल के लिए भारत के



15 साल के इंतजार को खत्म किया और 2011 से हर बार कम से कम एक मेडल जीतने का सिलसिला भी जारी रखा। चोट के कारण ब्रेक के चलते त्रिसा और गायत्री की जोड़ी वर्ल्ड रैंकिंग में 39वें नंबर पर खिसक गई थी, लेकिन ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद 12 पायदान ऊपर चढ़कर 27वें नंबर पर पहुंच गई।

टॉप 20 में शामिल आयुष

पुरुष सिंगल्स में आयुष शेट्टी दो पायदान ऊपर चढ़कर टॉप 20 में शामिल हो गए और अब 20वें नंबर पर हैं. आयुष ने पहले राउंड में चीन के 2025 वर्ल्ड चैंपियन और पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 शी युकी को हराकर सबको चौंका दिया, लेकिन बाद में राउंड ऑफ 16 में इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से हार गए। लक्ष्य सेन राउंड ऑफ 32 में दुनिया के 92वें नंबर के खिलाड़ी गैरेट टैन से हारने के बावजूद एक पायदान ऊपर चढ़कर दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी बन गए।

टॉप 10 में बरकरार सिंधु

महिला सिंगल्स में पीवी सिंधु टॉप 10 में अपनी जगह बनाए हुए हैं और 10वें नंबर पर हैं, जबकि उन्नति हुड्डा एक पायदान ऊपर चढ़कर 25वें नंबर पर आ गई हैं। तन्वी शर्मा तीन पायदान ऊपर चढ़कर वर्ल्ड नंबर 26 बन गई हैं। क्वार्टर-फ़ाइनल में हार के बावजूद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पुरुषों के डबल्स में वर्ल्ड नंबर 5 बने हुए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28

जयशंकर मिले रूसी विदेश मंत्री लावरोव से

द्विपक्षीय सहयोग, वैश्विक चुनौतियों सहित क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर की बातचीत

ऊर्जा, उर्वरक और परमाणु सहयोग पर देंगे ध्यान

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को मॉस्को में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय संवेदनशील मुद्दों, वैश्विक चुनौतियों और बहुपक्षीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन, ईरान और अफगानिस्तान की मौजूदा स्थिति के साथ-साथ विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग को लेकर भी विचार-विमर्श किया। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत में अंतरराष्ट्रीय एजेंडे से जुड़े मौजूदा मुद्दे प्रमुखता से शामिल रहे। दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान, ईरान और यूक्रेन की स्थिति को लेकर अपने दृष्टिकोण में समन्वय किया।

जयशंकर और लावरोव

बहुपक्षीय मंचों पर समन्वय जारी रहेगा

भारत और रूस ने संयुक्त राष्ट्र, शंघाई सहयोग संगठन, ब्रिक्स और जी20 के भीतर करीबी समन्वय जारी रखने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों मंत्रियों ने सभी स्तरों पर विश्वास पर आधारित संवाद को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई।

सीमा पर शांति और स्थिरता मजबूत करने पर दोनों सहमत

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

अजित डोभाल और हान झेंग

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की और सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। भारत-चीन सीमा मुद्दे पर भारत के विशेष प्रतिनिधि अजीत डोभाल सोमवार को दो दिवसीय यात्रा पर बीजिंग पहुंचे थे। यह यात्रा चीन के विदेश मंत्री और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के पोलित ब्यूरो सदस्य वांग यी के निमंत्रण पर हुई। डोभाल ने चीन के उपराष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा की।

द्विपक्षीय आर्थिक और वित्तीय साझेदारी के साथ निवेश संबंधों को गहरा करने पर जोर

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

निर्मला सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को आधिकारिक यात्रा पर कनाडा पहुंची। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य द्विपक्षीय आर्थिक और वित्तीय साझेदारियों को मजबूत करना, निवेश संबंधों को गहरा करना और साझा वैश्विक आर्थिक प्राथमिकताओं पर सहयोग को आगे बढ़ाना होगा। राजधानी टोरंटो में निर्मला सीतारमण ने कनाडा के वित्त और राष्ट्रीय राजस्व मंत्री फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन के साथ आर्थिक और वित्तीय संवाद में भाग लिया। इसमें दोनों पक्षों ने व्यापक आर्थिक विकास, वित्तीय क्षेत्र में सहयोग, द्विपक्षीय निवेश के अवसरों और साझा अंतरराष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

अमेरिकी इंटेलिजेंस एजेंसी के चीफ की रूस में सीक्रेट लैंडिंग, रूस बोला- हमें जानकारी नहीं

मॉस्को। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के डायरेक्टर जॉन रैटक्लिफ मॉस्को पहुंचे हैं। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, वह अमेरिकी वायुसेना के सी-17 ग्लोबमास्टर से मॉस्को गए और वहां अधिकारियों के साथ बैठकें कर रहे हैं। यह सीआईए चीफ बनने के बाद रैटक्लिफ की रूस की पहली यात्रा है। रैटक्लिफ के रूस दौरे की पहले कोई घोषणा नहीं की गई थी। अमेरिकी सैन्य विमान के मॉस्को पहुंचने के बाद उनकी यात्रा की खबर सामने आई। इससे पहले रूसी अधिकारियों ने कहा था कि उन्हें सी-17 ग्लोबमास्टर की मॉस्को यात्रा की जानकारी नहीं है। अमेरिकी सरकार ने भी अभी इस दौरे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। अमेरिकी वायुसेना का सी-17 पहले अमेरिका से लातविया की राजधानी रीगा पहुंचा। इसके बाद विमान मंगलवार सुबह करीब 9 बजे मॉस्को के लिए रवाना हुआ।

नौवें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन में शाह के निर्देश

एजेंसियां घुसपैठ रोकने के लिए कड़े कदम उठाएं

सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी एजेंसियों को घुसपैठ को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का निर्देश दिया है। नई दिल्ली में नौवें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन-2026 में गृह मंत्री अमित शाह ने निर्देश दिया कि विभिन्न राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को तैयार करने के लिए बहु-एजेंसी केंद्र- एमएसी मंचों पर उपलब्ध सूचनाओं का एआई-आधारित विश्लेषण किया जाना चाहिए।

हवाई प्रणालियों से उत्पन्न खतरों से करें बचाव

सम्मेलन में दूसरे दिन आज हवाई प्रणालियों से उत्पन्न खतरों और उनके प्रतिकार उपायों को तैयार करने, समुद्री अर्थव्यवस्था को सुरक्षित बनाने, सूचना युद्ध और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके प्रभावों और जैव सुरक्षा ढांचे की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।